संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

पूर्णिया शनिवार 18 अक्टूबर 2025 | email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 207









संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी






पूर्णिया शनिवार 18 अक्टूबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 207


# देश माओवादी आतंक से पूरी तरह मुक्त होगा, मोदी की गारंटी है : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में भावुक हो गए और नक्सलवाद के पीड़ितों के मुद्दे पर अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में पनपे अर्बन नक्सल पीड़ितों की आवाज को आमजन तक पहुंचने नहीं देते थे। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि जल्द ही देश नक्सलवाद और माओवादी आतंक से पूरी तरह मुक्त होगा।



**माओवादी हिंसा में कमी और आत्मसमर्पण** : प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश के 11 जिलों में नक्सलवाद अभी भी मौजूद है, जिनमें से केवल 3 सबसे अधिक प्रभावित हैं। उनकी सरकार की नीतियों के चलते माओवादी हिंसा में कमी आई है और पिछले 75 घंटों में 303 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने यह भी कहा कि अब नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में खुशियों के दीप जलेंगे और सरकार की मेहनत रंग लाई है।

**सरकारी उपक्रमों और आर्थिक सुधार** : प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि उनके शासन में 'सरकारीकरण की मानसिकता' हावी थी और कई सार्वजनिक उपक्रमों को बंद कर दिया गया। उनकी सरकार ने इस दृष्टिकोण को बदला है। आज एलआईसी, एसबीआई और अन्य उपक्रम लाभ और सफलता के नए कीर्तिमान बना रहे हैं। बीएसएनएल ने देश का पहला स्वदेशी 4जी स्टैक लॉन्च किया है, और अब भारत दुनिया के शीर्ष 5 देशों में है जिनके पास अपना 4जी स्टैक है।

**अंतरराष्ट्रीय निवेश और आर्थिक उपलब्धियां** : प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में हर चुनौती को मात दी है। देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, महंगाई 2 प्रतिशत से नीचे और विकास दर 7 प्रतिशत से ऊपर है। जी-7 देशों के साथ भारत का व्यापार 60 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। हाल ही में यूरोप के देशों ने भारत में 100 अरब डॉलर निवेश का वादा किया है, जिससे लाखों नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि गूगल ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र में 15 अरब डॉलर निवेश की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने अंत में जोर देकर कहा कि भारत अब आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और तेजी से प्रगति कर रहा है, और 140 करोड़ भारतीय मिलकर देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

» **देश के 11 जिलों में नक्सलवाद अभी भी मौजूद है, जिनमें से केवल 3 सबसे अधिक प्रभावित हैं।**

» **पिछले 75 घंटों में 303 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया।**

» **माओवादी प्रभावित क्षेत्रों में खुशियों के दीप जलाने की उम्मीद जताई गई।**

» **प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के दौर में 'सरकारीकरण की मानसिकता' हावी थी और कई सार्वजनिक उपक्रम बंद किए गए।**

» **पेट्रोल-डीजल सेवा अब 24 घंटे उपलब्ध है; वैकल्पिक ईंधन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बड़े निवेश हो रहे हैं।**

# भीड़ की पिटाई से मारे गए हरिओम बाल्मीकि के परिजनों से मिले राहुल गांधी, मदद का दिया भरोसा

**फतेहपुर,** (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में भीड़ की पिटाई के दौरान मारे गए हरिओम बाल्मीकि के परिजनों से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी ने मुलाकात की। राहुल ने पीड़ित परिजनों से बात की और उनका दुख-दर्द सुनने के बाद अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कांग्रेस की तरफ से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।



**परिवार को न्याय मिलने की अपील** : घटना को गंभीरता से लेते हुए राहुल गांधी शुक्रवार सुबह 9.30 बजे मृतक हरिओम बाल्मीकि के पिता, भाई और अन्य परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि परिवार को न्याय मिलना चाहिए और हत्यारोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो।

**घटना का विवरण** : फतेहपुर के 38 वर्षीय दलित युवक हरिओम बाल्मीकि की 2 अक्टूबर 2025 को रायबरेली जनपद में चोर समझकर भीड़ ने पिटाई कर हत्या कर दी थी। उनका शव ईश्वरदासपुर रेलवे हाल्ट के पास मिला। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 12 हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया। मृतक के भाई शिवम ने प्रशासन की कार्रवाई से संतुष्टि जताई और कहा कि राहुल गांधी राजनीति के उद्देश्य से ना आएं।

**हरिओम बाल्मीकि की 2 अक्टूबर को रायबरेली में भीड़ ने पिटाई कर हत्या की थी; पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

**मुख्यमंत्री की भी मुलाकात** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही हरिओम की पत्नी संगीता, बेटी अनन्या और अन्य परिजनों से मिल चुके हैं। साथ ही, परिवार के लिए सरकारी नौकरी की सुविधा भी प्रदान की गई है; बहन कुसुम को स्टाफ नर्स और भाई शिवम को समाज कल्याण विभाग के स्कूल में नौकरी दी गई है।

# धनतेरस पर देशभर में 50 हजार करोड़ रुपये के सोना-चांदी के व्यापार का अनुमान

## सोना और चांदी के बढ़े दामों का बाजार में असर नहीं, सिक्कों की भारी मांग



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दीपावली के अवसर पर देशभर के बाजारों में भारी रौनक देखने को मिल रही है। कैट और एआईजेजीएफ के अनुसार, इस वर्ष धनतेरस पर सोना-चांदी का व्यापार 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है।

**सोने-चांदी की बिक्री में बदलाव** धनतेरस सर्वेक्षण के अनुसार, सोने-चांदी के सिक्कों की बिक्री में जोरदार उछाल है, जबकि स्वर्ण आभूषणों की मांग में हल्की कमी देखी जा रही है। व्यापारियों और ग्राहकों के चेहरे पर लंबे समय बाद खुशी की झलक नजर आ रही है।

**सोने की कीमत 80 हजार से बढ़कर 1,30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 98 हजार से 1,80,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।**

**कीमतों में भारी वृद्धि** : पिछले वर्ष 10 ग्राम सोने की कीमत 80 हजार रुपये थी, जो अब 1,30,000 रुपये तक पहुंच गई है। चांदी की कीमत भी 98 हजार रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 1,80,000 रुपये हो गई है। इस कारण निवेशक बड़े पैमाने पर सर्राफा बाजार की ओर आकर्षित हुए हैं।

**भविष्य की बिक्री रुझान** खंडेलवाल और अरोरा के अनुसार, त्योहारी सीजन में बुलियन और सिक्कों की सबसे अधिक मांग रहने की संभावना है। बदलते बाजार रुझानों के अनुसार ज्वैलर्स अब हल्की और फैंसी ज्वैलरी व चांदी के सिक्कों पर ध्यान दे रहे हैं, ताकि ग्राहकों की बदलती मांग को पूरा किया जा सके।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.18 अरब डॉलर घटकर 697.78 अरब डॉलर

**मुंबई,** (हि.स)। अर्थव्यस्था के मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। विदेशी विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार चौथे हफ्ते गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में 2.18 अरब डॉलर घटकर 697.78 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 27.6 करोड़ डॉलर घटकर 699.96 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 10 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में मुद्रा भंडार का अहम घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 5.60 अरब डॉलर घटकर 572.10 अरब डॉलर रह गईं। आरबीआई के मुताबिक इस दौरान देश का स्वर्ण भंडार 3.59 अरब डॉलर बढ़कर 102.36 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 13 करोड़ डॉलर घटकर 18.684 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के मुताबिक 10 अक्टूबर को समाप्त हफ्ते में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में भारत का आरक्षित भंडार 3.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.63 अरब डॉलर रह गया।

# त्रिपुरा में बांग्लादेशी नागरिकों की मौत पर भारत ने दी पड़ोसी देश को नसीहत

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत ने त्रिपुरा में बांग्लादेशी नागरिकों से जुड़ी घटना पर पड़ोसी देश को नसीहत दी है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि पड़ोसी देश को अंतरराष्ट्रीय सीमा का सम्मान बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। साथ ही सीमा पार अपराध और तस्करी को रोकने के लिए आवश्यक होने पर बाड़ लगाने में मदद करनी चाहिए।




विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 15 अक्टूबर को भारतीय क्षेत्र में लगभग 3 किलोमीटर अंदर त्रिपुरा में एक घटना हुई, जिसमें तीन बांग्लादेशी तस्कर मारे गए। बांग्लादेश के तीन बदमाशों के एक समूह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार की और भारतीय क्षेत्र के बिद्याबिल गांव से मवेशी चुराने का प्रयास किया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों पर लोहे के डंडों और चाकुओं से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और एक ग्रामीण की हत्या कर दी। इसी बीच अन्य ग्रामीण वहां पहुंच गए और हमलावरों का विरोध किया। सूचना मिलने पर अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें दो तस्कर मृत मिले। तीसरे ने अगले दिन अस्पताल में दम तोड़ दिया। तीनों के शव बांग्लादेशी पक्ष को सौंप दिए गए हैं। पुलिस ने एक मामला भी दर्ज कर लिया है।

# गृह मंत्रालय ने लेह में 24 सितंबर की घटना की न्यायिक जांच का आदेश दिया

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्र सरकार ने लेह में 24 सितंबर को हुई कानून-व्यवस्था संबंधी घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं, जिसमें पुलिस कार्रवाई के दौरान चार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी।




गृह मंत्रालय के जम्मू, कश्मीर और लद्दाख विभाग की अधिसूचना के अनुसार इस घटना की जांच सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश डॉ. न्यायमूर्ति बी. एस. चौहान करेंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि घटना से संबंधित प्राथमिकी संख्या 144/2025 विभिन्न धाराओं के तहत लेह थाने में दर्ज की गई है। सरकार ने इसे गंभीर कानून-व्यवस्था की स्थिति बताते हुए इस घटना की निष्पक्ष जांच कराना आवश्यक माना है। जांच में न्यायमूर्ति चौहान की सहायता के लिए सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहन सिंह परिहार को न्यायिक सचिव तथा आईएएस तुषार आनंद को प्रशासनिक सचिव नियुक्त किया गया है।

गृह मंत्रालय ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे न्यायिक जांच के संचालन के लिए सभी प्रशासनिक और लॉजिस्टिक सहयोग सुनिश्चित करें

# डाक विभाग जनवरी से 24 घंटे और 48 घंटे में 'डिलीवरी' की गारंटी के साथ शुरू करेगा नई सेवाएं

## गारंटी आधारित डिलीवरी समय सीमा के साथ मेल, पार्सल सेवाएं भी शुरू की जाएंगी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय डाक जनवरी से 24 घंटे और 48 घंटे की डिलीवरी समय सीमा के साथ मेल और पार्सल की गारंटी आधारित सेवाएं शुरू करेगा। इसके तहत पार्सल की अगले दिन डिलीवरी भी सुनिश्चित होगी, जबकि वर्तमान में इसमें 3-5 दिन का समय लगता है। यह कदम ग्राहकों को तेज़ और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने के लिए उठाया गया है।



**लाभ केंद्र में परिवर्तन का लक्ष्य** सिंधिया ने बताया कि सरकार का उद्देश्य 2029 तक भारतीय डाक को 'लागत केंद्र' से 'लाभ केंद्र' में बदलना है। इसके अंतर्गत डाक संचालन को आधुनिक बनाने, ग्राहकों का विश्वास बढ़ाने और निजी कूरियर सेवाओं से प्रतिस्पर्धा करने पर जोर दिया जाएगा। यह पहल डाक को अधिक प्रभावी और व्यावसायिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**ग्रामीण डाक कर्मचारियों का सशक्तिकरण** : केंद्रीय मंत्री ने ग्रामीण डाक कर्मचारियों को देश की पूंजी बताया। उन्होंने कहा कि उनकी वोकेशनल ट्रेनिंग और नए बिजनेस अवसरों के माध्यम से उनके विकास को सुनिश्चित किया जाएगा। इससे ग्रामीण इलाकों में डाक सेवाओं की पहुँच बढ़ेगी और पूरे देश में तेज़, भरोसेमंद और आधुनिक डिलीवरी प्रणाली विकसित होगी।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए कृषि मंत्री करेंगे 11 मंत्रालयों के मंत्रियों के साथ बैठक

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' और 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' के त्वरित क्रियान्वयन के लिए मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए और राज्यों से क्लस्टर निर्माण में सहयोग लिया जाए।




**प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का विस्तार** : शिवराज सिंह ने कहा कि योजना देश के 100 आकांक्षी जिलों में 11 मंत्रालयों की 36 उप-योजनाओं के समन्वय से लागू की जाएगी। किसानों को योजना का अधिकतम लाभ पहुँचाने के लिए जल्द ही मंत्रियों, सचिवों और नीति आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

**दलहन आत्मनिर्भरता मिशन से उत्पादकता और रोजगार में वृद्धि** : 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' छह वर्षों में 11,440 करोड़ रुपये की राशि के साथ क्रियान्वित होगा। इससे 2030-31 तक क्षेत्रफल 275 से 310 लाख हेक्टेयर, उत्पादन 242 से 350 लाख टन और उत्पादकता 1130 किलोग्राम/हेक्टेयर तक बढ़ाने की उम्मीद है। मिशन रोजगार सृजन में भी मदद करेगा।

**'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' से 2030-31 तक दलहन क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि होगी।**

**यह मिशन किसानों को लाभ पहुँचाने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में भी मदद करेगा।**

# दुबई से आए दो यात्री अमृतसर एयरपोर्ट पर गिरफ्तार, 94 लाख का अवैध सोना बरामद

**चंडीगढ़,** (हि.स.)। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने अमृतसर स्थित गुरु रामदास इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दुबई से आए दो यात्रियों को सोने की तस्करी करते हुए रंगे हाथों काबू किया हे। दोनों यात्रियों ने सोने के आभूषण अपने कपड़ों में छिपा रखे थे। बरामद सोने की कुल कीमत करीब 94 लाख आंकी गई है।




अमृतसर रीजनल यूनिट को गुप्त सूचना मिली थी कि दुबई से आने वाले कुछ यात्री सोने की तस्करी करने वाले हैं। इसके बाद अधिकारियों ने अमृतसर एयरपोर्ट पर सर्च अभियान चलाया और दो यात्रियों को संदिग्ध पाकर रोक लिया। दोनों यात्रियों ने सोने के आभूषण अपनी कार्गो पैंट की जेबों में छिपा रखे थे। व्यक्तिगत तलाशी में क्रमशः 430.440 ग्राम और 396.440 ग्राम वजन के सोने के आभूषण बरामद किए गए। सोने की अनुमानित बाजार कीमत 48,95,601 और 45,00,817 बताई गई है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि वे त्योहारी सीजन में इन आभूषणों को भारत में बेचने की योजना बना रहे थे।

संपूर्ण हिंदी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# बिहार में राजग गठबंधन की 20 सालों में सबसे बड़ी बहुमत वाली सरकार बनेगी : अमित शाह

**सारण/पटना,** (हि.स.)। बिहार में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी बढ़ने के साथ रैलियों और जनसभाओं का दौर भी तेज हो गया है। इस कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सारण जिले के तरैया विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार जनक सिंह के समर्थन में चुनावी सभा आयोजित की। सभा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अमित शाह ने अपने संबोधन में राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार



की उपलब्धियों और आगामी चुनाव में जनता से सक्रिय मतदान की अपील की।

**राजग सरकार की उपलब्धियां और विकास कार्य** : अमित शाह ने अपने भाषण की शुरुआत राज्य में राजग सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए की। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने पिछले वर्षों में बिहार के 1 करोड़ 67 लाख परिवारों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई है। वृद्धा पेंशन को तीन गुना बढ़ाया गया और राज्य में सड़क तथा उद्योग के विकास के लिए विशेष प्रयास किए गए। उन्होंने बताया कि पहले बिहार में अपहरण और फिरौती की घटनाएं आम थीं, लेकिन अब राज्य में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और विकास के काम तेजी से हो रहे हैं। शाह ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि जनता तक इन उपलब्धियों का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाएं।

**चुनावी संदेश और प्रतीकात्मक दीपावली :**

केंद्रीय गृह मंत्री ने चुनावी संदेश को चार प्रतीकात्मक दीपावली के रूप में पेश किया। उन्होंने कहा कि पहली दीपावली राम के वनवास से लौटने पर मनाई जाती है। दूसरी दीपावली में बिहार की हर जीविका दीदी के खाते में 10-10 हजार रुपये भेजे गए। तीसरी दीपावली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों और 395 वस्तुओं के दाम घटाने से जुड़ी है। चौथी दीपावली 14 नवंबर को मनाई जाएगी, जब रिकॉर्ड मतों के साथ बिहार में राजग सरकार बनेगी।

**सांस्कृतिक और धार्मिक उदाहरण :**

अमित शाह ने राम मंदिर के भव्य निर्माण और सीतामढ़ी के पुनौराधाम में माता सीता के मंदिर निर्माण का उल्लेख कर भाजपा सरकार की उपलब्धियों को सामने रखा। उन्होंने कहा कि 550 साल तक रामलला झोपड़ी में विराजमान रहे, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2019 में भूमि पूजन हुआ और मंदिर का निर्माण पूर्ण हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में माता-बहनों के हित में विभिन्न योजनाएं लगातार लागू की जा रही हैं।

**युवाओं और जनता से मतदान का आह्वान** : अमित शाह ने युवाओं से लालू-राबड़ी के "जंगलराज" की स्थिति याद रखने और विकास के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रचार की शुरुआत सारण से होती है और इस क्षेत्र से हमेशा सफलता मिलती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे राज्य की जनता को राजग सरकार की उपलब्धियों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने यह भी कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य का विकास और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास सुनिश्चित है।

**नीतीश कुमार से बैठक और जनसभा का आयोजन**

अमित शाह ने इस से पहले पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास पर नीतीश कुमार से मुलाकात की। बैठक लगभग 18 मिनट चली, जिसमें दोनों नेताओं ने चुनावी रणनीति और राज्य की तैयारियों पर चर्चा की। इसके बाद शाह एयरपोर्ट से छपरा के तरैया पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता राज्य के हर कोने में जनता तक संदेश पहुंचाएं और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करें।

## राजग शासन में गयाजी को मिला सम्मान,औद्योगिक हब बनेगा नगर: सम्राट चौधरी

**पटना,** (हि.स.)।

--------------

» **गयाजी में 3 हजार एकड़ में औद्योगिक पार्क निर्माण की घोषणा।**

» **4 बौद्ध सर्किट ट्रेन व रबर डैम से बढ़ेगा गयाजी का पर्यटन महत्व।**

» **5 सम्राट चौधरी बोले – राजग 200 से अधिक सीटें जीतकर फिर बनाएगा सरकार।**

--------------

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नामांकन प्रक्रिया के बीच शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के उम्मीदवारों ने अपने-अपने क्षेत्र से नामांकन दाखिल किया। गया जिले के गयाजी विधानसभा क्षेत्र से



भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार तथा इमामगंज विधानसभा क्षेत्र से दीपा कुमारी ने हम प्रत्याशी के रूप में नामांकन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभाओं को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पक्ष में मतदान की अपील की।

**गयाजी को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में बड़ा कदम**

सम्राट चौधरी ने कहा कि राजग सरकार ने गया को "गयाजी" नाम देकर सम्मान दिया है और लगभग तीन हजार एकड़ में राज्य का पहला औद्योगिक पार्क विकसित कर क्षेत्र को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गयाजी की जनता डॉ. प्रेम कुमार के प्रति सदैव स्नेह रखती है और इस बार भी भारी बहुमत से उन्हें विजयी बनाएगी।

**बौद्ध सर्किट और रबर डैम से बढ़ी गयाजी की पहचान**

चौधरी ने बताया कि गयाजी को वैशाली और कोडरमा से जोड़ने के लिए बौद्ध सर्किट ट्रेन की शुरुआत की गई है। इसके साथ ही 324 करोड़ रुपये की लागत से देश का सबसे बड़ा रबर डैम तैयार किया गया है तथा गया एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।

**इमामगंज में दीपा कुमारी को जनता का भरपूर समर्थन**

इमामगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का विश्वास राजग और जीतनराम मांझी के नेतृत्व में कायम है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता के आशीर्वाद से राजग 200 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज कर पुनः सरकार बनाएगा।

**बिहार विकास की नई रफ्तार पर अग्रसर : सम्राट चौधरी**

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की रफ्तार पकड़ी है। राज्य का बजट 2005 के 6 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर अब 3.17 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। पटना से गयाजी की यात्रा अब सवा घंटे में पूरी हो रही है, जो बदले हुए बिहार का प्रतीक है।

## मैथिली ठाकुर ने अलीनगर और जीवेश मिश्रा ने जाले विधानसभा क्षेत्र से दाखिल किया नामांकन

**पटना,** (हि.स.)। बिहार में दरभंगा जिले की अलिनगर विधानसभा सीट से प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर और जाले से विधायक जीवेश मिश्र ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार के रुप में शुक्रवार को अपना-अपना नामांकन दाखिल किया।

नामांकन से पहले मैथिली ठाकुर ने नवादा गांव स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की और नामांकन करने के बाद एक सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान मैथिली ने अलीनगर को आदर्श नगर बनाने की बात कही, साथ ही सभा में आए लोगों से अपने पक्ष में



मतदान करने की अपील की। नामांकन सभा मे भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उधर, जाले विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जीवेश मिश्रा ने नामांकन किया। जीवेश मिश्रा साइकिल पर सवार होकर नामांकन करने के लिए पहुंचें। इस दौरान सैंकड़ों समर्थक जीवेश मिश्रा के आगे-पीछे चलते रहे। अपने आवास से 2 किलोमीटर साइकिल चलाकर वे डीडीसी कार्यालय पहुंचे और वहां अपना नामांकन दाखिल किया।

नामंकन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जीवेश मिश्रा ने कहा कि वे एक साधारण व्यक्ति हैं। इसी कारण साइकिल पर सवार होकर नामांकन करने आये थे। उन्होंने महागठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि जिस गठबंधन में न कोई नीति है, न नियम और न किसी को एक दूसरे पर विश्वास, ऐसे में भला आप समझ सकते हैं कि यह महागठबंधन कैसे चुनाव लड़ेगा।

## अधीक्षण अभियंता के घर निगरानी टीम की छापेमारी

**पटना,** (हि.स.)।निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने पटना के ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार के आवास और कार्यालय पर छापेमारी की। संजीव कुमार, कंकड़बाग थाना क्षेत्र के शिवकुंज, रोड नं0-4, पूर्वी इंदिरा नगर निवासी हंस कुमार के पुत्र हैं।

तलाशी में टीम ने उनकी आय से अधिक संपत्ति के सबूत पाए। बरामद संपत्ति में 1 करोड़ 12 लाख 58 हजार 41 रुपए के कागजात, नकद 7,56,000 रुपए, पांच बैंक पासबुक, दस जमीनों के मूल डीड, म्यूचुअल फंड/शेयर कागजात, बैंक लॉकर और एक टाटा नेक्सॉन कार शामिल हैं।

इस मामले में कांड संख्या 093/25 के तहत संजीव कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। निगरानी टीम ने कहा कि सभी दस्तावेजों की जांच जारी है और यह कार्रवाई आचार संहिता का पालन करते हुए की गई।यह मामला सरकारी अधिकारियों की संपत्ति और आय के अनुपात पर निगरानी की आवश्यकता को उजागर करता है और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण है।

## कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 48 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**पटना,** (हि.स.) कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए गुरुवार रात को 48 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा नई दिल्ली में जारी इस सूची में पहले चरण के 24 और दूसरे चरण के 24 उम्मीदवार शामिल हैं।

पार्टी ने इन 48 उम्मीदवारों में पांच महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम कुटुंबा (अनुसूचित जाति) सीट से चुनाव लड़ेंगे। सूची में 10 अनुसूचित जाति और 1 अनुसूचित जनजाति सीट शामिल हैं। कांग्रेस महागठबंधन के साथ




मिलकर चुनाव लड़ेगी और शेष सीटों की घोषणा जल्द करेगी।

**उम्मीदवारों की सूची**:

पहला चरण (24 उम्मीदवार)

- सोंबरसा (अनु.जा.): सरिता देवी
- बेनीपुर: मिथिलेश कुमार चौधरी
- सकरा (अनु.जा.): उमेश राम
- मुजफ्फरपुर: बिजेंद्र चौधरी
- गोपालगंज: ओम प्रकाश गर्ग
- कुचायकोट: हरिनारायण कुशवाह
- लालगंज: आदित्य कुमार राजा
- वैशाली: संजीव सिंह
- राजा पाकर (अनु.जा.): प्रतिमा कुमारी
- रोसड़ा (अनु.जा.): ब्रज किशोर रवि
- बछवाड़ा: शिव प्रकाश गरीब दास
- बेगूसराय: अमिता भूषण
- खगड़िया: चंदन यादव
- बेलदौर: मिथिलेश कुमार निषाद
- लखीसराय: अमरेश कुमार (अनिश)
- बारबीघा: तृसुलधारी सिंह
- बिहार शरीफ: ओमैर खान
- नालंदा: कौशलेन्द्र कुमार "छोटे मुखिया"
- हरनौत: अरुण कुमार बिंद
- कुम्हरार: इंद्रदीप चंद्रवंशी
- पटना साहिब: शशांत शेखर
- बिक्रम: अनिल कुमार सिंह
- बक्सर: संजय कुमार तिवारी
- राजपुर (अनु.जा.): विष्णुनाथ राम

दूसरा चरण (24 उम्मीदवार)

- बगहा: जयेश मंगल सिंह
- नौतन: अमित गिरी
- चनपटिया: अभिषेक रंजन
- बेतिया: वासी अहमद
- रक्सौल: श्याम बिहारी प्रसाद
- गोविंदगंज: शशि भूषण राय (गप्पू राय)
- रीगा: अमित कुमार सिंह टुन्ना
- बथनाहा (अनु.जा.): नवीन कुमार
- बेनीपट्टी: नलिनी रंजन झा
- फुलपरास: सुभोध मंडल
- फोर्ब्सगंज: मनोज विश्वास
- बहादुरगंज: मसवर आलम
- कदवा: शकील अहमद खान
- मनिहारी (अनु.जन.): मनोहर प्रसाद सिंह
- कोरहा (अनु.जा.): पुनम पासवान
- भागलपुर: अजीत कुमार शर्मा
- सुल्तानगंज: ललन यादव
- अमरपुर: जितेंद्र सिंह
- चेनारी (अनु.जा.): मंगल राम
- करगहर: संतोष मिश्रा
- कुटुंबा (अनु.जा.): राजेश राम
- औरंगाबाद: आनंद शंकर सिंह
- वजीरगंज: अवधेश कुमार सिंह
- हिसुआ: नीतू कुमारी

## बिहार विधानसभा चुनाव : जदयू ने जारी की स्टार प्रचारकों की लिस्ट

**पटना,** (हि.स.)।बिपटना, 17 अक्टूबर (हि.स.)। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जनता दल यूनाइटेड ने शुक्रवार को स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें में राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत 40 नेताओं के नाम शामिल हैं। ये सभी स्टार प्रचारक बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के लिए जनता से वोट मांगेंगे।

स्टार प्रचारकों की सूची में सबसे पहला नाम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का है, जो एक बार फिर से बिहार चुनाव में मतदाताओं को राजग के पक्ष में गोलबंद करने की कोशिश करेंगे। लिस्ट में दूसरा



नाम राज्यसभा सासंद और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा का है। इनके अलावा ललन सिंह, रामनाथ ठाकुर, उमेश कुशवाहा समेत अन्य जेडीयू नेताओं के नाम शामिल हैं। ये सभी जदयू नेता बिहार की 243 सीटों पर राजग उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

जेडीयू के स्टार प्रचारकों के नाम

1- नीतीश कुमार
2- संजय कुमार झा
3-राजीव रंजन सिंह "ललन सिंह"
4- रामनाथ ठाकुर
5- विजेन्द्र प्रसाद यादव
6- उमेश सिंह कुशवाहा
7- विजय कुमार चौधरी
8- अशोक चौधरी
9- श्रवण कुमार
10-मनीष कुमार वर्मा
11-आफाक अहमद स्वाल
12-सस्यु राय
13-कौशलेन्द्र कुमार
14-देवेशचन्द्र ठाकुर
15-दिलेश्वर कामत
16-दिनेश चन्द्र यादव
17-हर्षवर्धन सिंह
18-अरुण कुमार
19-लवली आनंद
20-समधीत मंडल
21-डॉ. अलोक कुमार सुमज
22-सुनीत कुमार
23-मदन सहनी
24-रत्नेश सदा
25-ललन कुमार सर्राफ
26-संजय सिंह
27-गीरज कुमार
28-ई० सुजीत कुमार
29-खालिद अनवर
30-स्वीन्ट प्रसाद सिंह
31-रीना यादव
32-चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी
33-कविता सिंह
34-कहकशां परवीन
35-राम कुमार शर्मा
36-रमेश कुशवाह
37-मो० नेमतुल्लाह
38-चन्दन कुमार सिंह
39-भारती मेहता
40-डॉ. श्वेता विश्वास

## नीतीश कुमार के नेतृत्व में ऐतिहासिक बहुमत से राजग सरकार की वापसी तय : उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना,** (हि.स.)।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल एवं सक्षम नेतृत्व में वर्ष 2010 से भी बड़े बहुमत के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की पुनर्वापसी तय है, जबकि तथाकथित महागठबंधन अंदरूनी मतभेदों के कारण खंड-खंड में बंटा हुआ है और किसी भी स्तर पर राजनीतिक चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को बयान जारी कर ये बातें कही।

उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि बिहार की जागरूक जनता झूठ, छल और



दुष्प्रचार की राजनीति को पूर्णतः खारिज कर चुकी है और विकास, सुशासन तथा सामाजिक न्याय की ठोस नीति के आधार पर राजग को प्रचंड जनादेश देने के लिए संकल्पबद्ध है। महागठबंधन नकारात्मकता और भ्रम फैलाकर सत्ता में आने का चाहे जितना भी प्रयास कर ले, लेकिन उनकी यह आकांक्षा अंततः एक मृगतृष्णा ही साबित होगी।

जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार ने कानून का शासन स्थापित कर बिहार को 'जंगलराज' की दहशत और अराजकता से मुक्ति दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। इसके बावजूद, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और तथाकथित महागठबंधन के दल राज्य को पुनः उसी भयावह दौर में धकेलने की कुत्सित कोशिश कर रहे हैं, किन्तु जनता अब उनके मंसूबों को भली-भांति समझ चुकी है और 'जंगलराज' की मानसिकता से ग्रसित किसी को भी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को विकास विरोधी विपक्षी ताकतों का राजनीतिक सफाया निश्चित रूप से होने वाला है। माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में राजग सरकार बिहार के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पित है।---

# धनतेरस महापर्व पर पूर्णिया के बाजारों में दिखने लगी है खरीदारी कों लेकर चहल-पहल, सज-धज कर तैयार हैं दुकानें

## आज बाजार में बरसेगा धन, सर्राफा बाजार, वाहन, इलेट्रिक इलेक्ट्रोनिक, वर्तन और ऑटो मोबाईल की दुकाने सज धज कर हैं तैयार

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

धनतेरस महापर्व के आगमन के साथ ही पूर्णिया के बाजारों में उत्सव की रौनक देखने को मिल रही है। आज सुबह से ही बाजारों में दुकानों को दीपों, रंगोली और सजावट के साथ सजाया गया है, ताकि मां लक्ष्मी और धन्वंतरि की पूजा के बाद खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों का स्वागत किया जा सके।

**बाजारों में उमड़ेगी खरीददारों की भीड़**

धन्वंतरि पूजन और मां लक्ष्मी के स्वागत के बाद शहर के इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक, सर्राफा, बर्तन और अन्य दैनिक उपयोग की दुकानों में खरीददारों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। दुकानदारों ने ग्राहकों की बढ़ती मांग और बाजार की रफ्तार को देखते हुए लेटेस्ट और आकर्षक उत्पादों अपने स्टॉक में सजाए हैं।

**जीएसटी छूट और आकर्षक ऑफर**

इस बार दुकानदारों ने जीएसटी छूट का लाभ ग्राहकों को दिलाने के लिए विशेष ऑफर भी जारी किए हैं। सोने-चांदी के गहनों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तक, बाजार में आकर्षक छूट और ऑफर लोगों को खींच रहे हैं।

**लाग्जरी गाड़ियों और ऑटोमोबाइल मार्केट में रौनक**

धनतेरस पर सिर्फ आम दुकानों ही नहीं, बल्कि लाग्जरी गाड़ियों के बाजार में भी जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इस साल नवीनतम मॉडल की कारें और बाइक उपलब्ध हैं, और बुकिंग व डिलीवरी की पूरी तैयारियाँ की गई हैं।

**उत्सव का माहौल और समृद्धि की उम्मीद**

पूरा बाजार सज-धज कर धन और समृद्धि का प्रतीक बन गया है, जहां खरीदारी करने आए लोग न सिर्फ वस्तुएँ खरीद रहे हैं, बल्कि त्योहार का आनंद भी ले रहे हैं। व्यापारी, ग्राहक और शहरवासी सभी मिलकर धनतेरस महापर्व की खुशियाँ मना रहे हैं।

----------------





# धनतेरस : मां लक्ष्मी की कृपा पाने का शुभ मुहूर्त जानें पूजा विधि और खरीदारी का संपूर्ण जानकारी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

धनतेरस का त्योहार पांच दिवसीय दिवाली पर्व की शुरुआत का प्रतीक है। इसे धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि 13 रत्नों और अमृत कलश के साथ इसी दिन प्रकट हुए थे। इस दिन विशेष रूप से भगवान धन्वंतरि, मां लक्ष्मी और कुबेर देव की पूजा का विधान है।

धनतेरस 2025 की तिथि और शुभ मुहूर्त

इस साल धनतेरस शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 को मनाया जाएगा। पंचांग और ज्योतिष विशेषज्ञों के अनुसार, इस दिन पूजा और खरीदारी के लिए निम्नलिखित शुभ काल निर्धारित हैं:

प्रदोष काल: शाम 5:48 बजे से रात 8:20 बजे तक

वृषभ काल: शाम 7:16 बजे से रात 9:11 बजे तक

पूजा मुहूर्त: शाम 7:16 बजे से 8:20 बजे तक



**धनतेरस पर पूजा विधि**

घर को अच्छी तरह से साफ करें।

तोरण, दीपक, फूल और रंगोली से घर सजाएँ। घर के हर कोने में दीपक लगाएं और मुख्य द्वार पर लक्ष्मी माता के स्वागत के लिए दीपक विशेष रूप से रखें।

भगवान धन्वंतरि की पूजा: उनके चित्र या मूर्ति के सामने दीपक जलाएं।

कुबेर और लक्ष्मी पूजा: इनके चित्र के सामने दीपक जलाएं और मिठाई अर्पित करें। यम दीपक: यमराज को प्रसन्न करने के लिए धनतेरस की रात को दक्षिण दिशा में दीपक रखें।

मंत्र जाप: "ॐ श्रीं श्रीं महालक्ष्म्यैनमः" का जाप करें।

**धनतेरस पर खरीदारी: किसे मानें शुभ**

धनतेरस पर मां लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए लोग निम्नलिखित चीज़ें खरीदते हैं:

सोना और चांदी के गहने या सिक्के

पूजा सामग्री के लिए पीतल या तांबे के बर्तन

लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियाँ

घर की सफाई और समृद्धि के प्रतीक झाड़ू, बर्तन और अन्य धातु की वस्तुएँ

गैजेट्स और इलेक्ट्रॉनिक सामान

**विशेष ज्योतिषीय मुहूर्त में इस साल खरीदारी के लिए समय:**

18 अक्टूबर दोपहर 12:18 बजे से 19 अक्टूबर सुबह 6:24 बजे तक

चौघड़िया अनुसार शुभ मुहूर्त:

सामान्य: 12:06 बजे – 1:32 बजे

लाभ-अनुकूल: 1:32 बजे – 2:57 बजे

अमृत-अनुकूल: 2:57 बजे – 4:23 बजे

लाभ-अनुकूल: 5:48 बजे – 7:23 बजे

शुभ-अनुकूल: 8:57 बजे – 10:32 बजे

अमृत-अनुकूल: 10:32 बजे – 12:06 बजे

सामान्य शुभ: 12:06 बजे – 1:41 बजे

लाभ-अनुकूल: 19 अक्टूबर सुबह 4:50 बजे – 6:24 बजे

# पूर्णिया में भाजपा प्रत्याशी विजय खेमका का नामांकन एवं आशीर्वाद यात्रा, जनसभा में उमड़ा भारी जनसैलाब

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

भाजपा के मौजूदा विधायक विजय खेमका ने पूर्णिया सदर विधानसभा (विधानसभा संख्या 62) से 18वीं बिहार विधानसभा के लिए अपना नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन से पूर्व उन्होंने गुलाबबाग के जीरो माइल स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर पूर्णिया के विकास और समृद्धि की कामना की। समर्थकों ने उनका पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

**भव्य आशीर्वाद यात्रा**

नामांकन के अवसर पर गुलाबबाग से जिला स्कूल मैदान तक भव्य आशीर्वाद यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडे, त्रिपुरा विधायक सुशांत देव, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, जदयू महानगर अध्यक्ष अविनाश कुशवाहा और अन्य एनडीए नेता शामिल हुए। यात्रा गुलाबबाग, सोनौली चौक, कटिहार मोड़, लाइन बाजार, फोर्ड कंपनी, गिरजा चौक, आस्था मंदिर होते हुए जिला स्कूल मैदान में समाप्त हुई।

**आशीर्वाद सभा समर्थकों से मांगा आशीर्वाद** : जिला स्कूल मैदान में आयोजित विशाल आशीर्वाद सभा में मंचासीन नेताओं ने विजय खेमका के जनसेवा और विकास कार्यों की प्रशंसा की। भाजपा की राष्ट्रीय नेता सरोज पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण और विकास कार्यों का विवरण दिया। सभा में संत मुरारी बाबा, आचार्य जितेंद्र बाबा और गुरुद्वारा के गणपति हरविंदर सिंह ने विजय खेमका को आशीर्वाद दिया।



**जनता का नामांकन, विकास का संदेश** : नामांकन के बाद विजय खेमका ने कहा कि यह केवल उनका नामांकन नहीं, बल्कि पूर्णिया की जनता का नामांकन है। उन्होंने पूर्णिया को शिक्षित, स्वच्छ, समृद्ध और विकसित पूर्णिया बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल हमेशा शांति, सुरक्षा और भाईचारे के वातावरण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने जनता से तीसरी बार उन्हें चुनकर प्रतिनिधित्व का मौका देने की अपील की और एनडीए सरकार की विकास योजनाओं का उल्लेख किया।




**सभा में गणमान्य व्यक्ति रहे शामिल :**

आशीर्वाद सभा में भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सिंह एनडीए के वरिष्ठ नेता सकलदीप राजपाल, डालचंद संचेती, डॉ. के.के. चौधरी, गुप्तेश कुमार, अरविंद साह भोला, श्रीमती नूतन गुप्ता, संजय मिश्रा, सौरभ झा, रमेश कुशवाहा, आनंद भारती, संगीता बर्मन, आरती जायसवाल, अवधेश साह, मिथलेश राय, सी. के. मिश्रा, क्रांति देवी धार्मिक गुरु और संत मुरारी बाबा, आचार्य जितेंद्र बाबा, हरविंदर सिंह जीसभा का संचालन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद् श्री संजय सिंह ने किया।



# पूर्णिया में नामांकन समारोह में नूतन गुप्ता ने की भागीदारी, विकास और मतदान पर दिया जोर





**न्यूज स्केल पूर्णिया**

शुक्रवार को जिला स्कूल मैदान में विधायक विजय खेमका के नामांकन समारोह में भाजपा जिला मंत्री नूतन गुप्ता उपस्थित रहीं। इसके अलावा बनमनखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कृष्ण कुमार ऋषि के नामांकन के अवसर पर आयोजित रोड शो में भी उन्होंने भाग लिया। इस दौरान आयोजित आशीर्वाद सभा में श्रीमती गुप्ता ने अपने संबोधन में क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और सामाजिक योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकों को निर्वाचन प्रक्रिया और मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी का मतदान में सक्रिय रहना जरूरी है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्थानीय विकास परियोजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे की प्रगति पर चर्चा की। श्रीमती गुप्ता ने नागरिकों से इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी बनाए रखने का आग्रह किया।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पंजी निरीक्षण की तिथियां घोषित

## व्यय पंजी का तीन चरणों में निरीक्षण अनिवार्य

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल और पारदर्शी संचालन के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी की निर्वाचन व्यय पंजी का कम से कम तीन बार निरीक्षण कराना अनिवार्य है। यह निर्देश दिसंबर 2024 के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सार-संग्रह के आधार पर जारी किया गया है।

निर्धारित निरीक्षण तिथियां और स्थान

निर्धारित तिथियां और स्थान निम्नानुसार हैं:

प्रथम निरीक्षण: 30 अक्टूबर 2025

द्वितीय निरीक्षण: 4 नवंबर 2025

तृतीय निरीक्षण: 8 नवंबर 2025

सभी निरीक्षण कॉपरेटिव बैंक, पूर्णिया के द्वितीय तल पर स्थित सभाकक्ष में आयोजित होंगे। समय सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक रहेगा।

अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि वे अपनी व्यय पंजी व्यक्तिगत रूप से अथवा निर्वाचक अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग, पूर्णिया में निरीक्षण हेतु प्रस्तुत कराएँ। इसका पालन सुनिश्चित करना सभी अभ्यर्थियों की जिम्मेदारी होगी।

इस खबर को समाचार पत्र के पैकेज में प्रकाशित करने के लिए तैयार किया गया है।

# शिवानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर, गुलाबबाग में तीन दिवसीय क्षेत्रीय गणित मेला का शानदार आयोजन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

शुक्रवार 16 अक्टूबर 2025 से शिवानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर, गुलाबबाग में तीन दिवसीय क्षेत्रीय गणित मेला विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया । गणित मेला का भव्य उद्घाटन 17 अक्टूबर को दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर शिक्षा जगत, गणित प्रेमी छात्रों और स्थानीय प्रशासन के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

**मुख्य समारोह और दीप प्रज्ज्वलन** : उद्घाटन समारोह का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रमोहन प्रसाद यादव एवं शिवानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। दीप प्रज्ज्वलन में डा. हरिनंदन रॉय (अध्यक्ष), महापौर श्रीमती विभा देवी (मुख्य अतिथि), रामलाल सिंह (प्रदेश सचिव, लोक शिक्षा समिति, बिहार), रामप्रकाश प्रसाद (अध्यक्ष, लोक शिक्षा समिति, बिहार), शिवमुनि यादव (लोकपाल), विजय खेमका (विधायक, पूर्णिया सदर) सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे। डा. हरिनंदन रॉय ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम अद्भुत और प्रेरक होते हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। भागीदारी और मेले की झलक इस तीन दिवसीय क्षेत्रीय गणित मेला में बिहार और झारखंड के लगभग 200 छात्र-छात्राओं, 50 संरक्षक, आचार्य दीदी और नगर के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के गणिताचार्यों ने भाग लिया। मेले में छात्रों ने विभिन्न गणितीय मॉडल, प्रयोग और आविष्कार प्रस्तुत किए, जिससे प्रतिभागियों को गणित के व्यावहारिक पहलुओं का प्रत्यक्ष अनुभव हुआ।






**प्रदेश सचिव और अन्य अतिथियों का संदेश :**

रामलाल सिंह ने मेले के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों के जीवन में गहरा प्रभाव डालते हैं। विभिन्न गणितीय मॉडल और प्रयोगों को देखकर उन्हें पूरा विश्वास हुआ कि बच्चों में अद्भुत गणितीय कौशल है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि इससे भविष्य में गणितीय शोध और आविष्कार को बढ़ावा मिलेगा।

**महापौर का उद्बोधन: गणित का महत्व :**

महापौर विभा देवी ने अपने उद्बोधन में गणितीय विद्या के महत्व और छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में गणित की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गणित न केवल शैक्षणिक विषय है, बल्कि यह जीवन में तार्किक सोच, समस्या समाधान और नवाचार की कुंजी है।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025: अस्वस्थ कर्मियों के लिए विशेष चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन, 161 कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण

## त्रि-दिवसीय शिविर 16 से 18 अक्टूबर 2025 तक चला और इसमें निर्वाचन कार्य से विमुक्ति हेतु आवेदन की चिकित्सकीय पुष्टि की गई

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निष्पक्ष एवं सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने अस्वस्थ कर्मियों के लिए राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल, पूर्णिया में विशेष चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य निर्वाचन कार्य से विमुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों की चिकित्सकीय पुष्टि करना है, ताकि केवल स्वस्थ और सक्षम कर्मियों को ही चुनावी ड्यूटी पर तैनात किया जा सके।





**त्रि-दिवसीय चिकित्सा जांच शिविर** : अंशुल कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार यह विशेष त्रि-दिवसीय चिकित्सा जांच शिविर 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक चल रहा है। शिविर में असाध्य रोग या गंभीर बीमारी से ग्रस्त उन सरकारी कर्मियों की चिकित्सकीय जांच की जा रही है, जिन्होंने निर्वाचन कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की थी।

**विशेषज्ञ चिकित्सा दल और देखरेख** : शिविर में असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में सात-सदस्यीय विशेषज्ञ चिकित्सा दल का गठन किया गया है। सभी स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया अपर समाहर्ता, पूर्णिया एवं वरीय उप समाहर्ता, सुश्री निधि कुमारी की देखरेख में संचालित हो रही है।

**पहले दिन की जांच और कुल आंकड़े** : शिविर के पहले दिन, 16 अक्टूबर 2025 को, चिकित्सा दल ने कुल 71 कर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। शुक्रवार, 17 अक्टूबर को कुल 161 कर्मियों की जांच संपन्न हुई। यह प्रक्रिया 18 अक्टूबर तक जारी रहेगी।

**प्रशासन की प्रतिबद्धता**
जिला प्रशासन का यह प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव प्रक्रिया में लगे सभी कर्मी शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह सक्षम हों। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया बिना किसी बाधा के सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सकेगी।

# विद्यार्थियों ने स्टॉल, नृत्य, रंगोली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया कुपोषण उन्मूलन व स्वच्छता का संदेश

## अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने चिकित्सा विज्ञान की बारीकियों को करीब से समझा

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (Experiential Learning Program) के अंतर्गत जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल, पूर्णिया के कक्षा 11 एवं 12 (विज्ञान वर्ग) के विद्यार्थियों ने "अल-करिम यूनिवर्सिटी एवं मेडिकल कॉलेज" का शैक्षिक भ्रमण किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और अनुभवसमृद्ध सिद्ध हुआ, जिसने उन्हें चिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान के विभिन्न विभागों का वास्तविक अनुभव प्रदान किया।





**कार्यक्रम की सफलता पर दी बधाई** : पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साह, जिज्ञासा और गहरी रुचि दिखाई। विद्यालय के शिक्षकों ने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और अनुशासित तरीके से संपन्न कराया। शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रेरणा ने इस शैक्षिक यात्रा को और भी प्रभावी एवं सार्थक बना दिया।
विद्यालय प्रशासन ने इस कार्यक्रम की सफलता पर शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही यह आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक शैक्षिक भ्रमण एवं अनुभवात्मक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में आयोजित किए जाते रहेंगे।

**तकनीकी शिक्षा की मिली जानकारी** : नर्सिंग विभाग में विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं और आधुनिक उपकरणों को देखा, वहीं फार्मेसी विभाग में औषधि निर्माण एवं गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया को निकट से समझा। भ्रमण के अंतिम चरण में विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के आईटी सेक्टर का दौरा किया और जाना कि किस प्रकार आधुनिक तकनीक शिक्षा और प्रशासन को सशक्त बना रही है।

**विद्यार्थियों ने अत्याधुनिक प्रयोगशाला का निरीक्षण किया** : भ्रमण की शुरुआत पैथोलॉजी विभाग से हुई, जहाँ विद्यार्थियों ने अत्याधुनिक प्रयोगशाला का निरीक्षण किया और सूक्ष्मदर्शी के माध्यम से रोगों के अध्ययन की प्रक्रिया को समझा। इसके बाद छात्रों ने एनाटॉमी विभाग एवं एनाटॉमिकल म्यूज़ियम का अवलोकन किया, जहाँ संरक्षित मानव अंगों का अध्ययन किया और ऊतक प्रसंस्करण की पारंपरिक एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

# बनमनखी विधानसभा से भाजपा और जन सुराज के प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**

बनमनखी विधानसभा 59 (अनुसूचित जाति) सीट से चुनाव प्रक्रिया के पांचवें दिन भाजपा और जन सुराज पार्टी के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया।
भाजपा के मौजूदा विधायक कृष्ण कुमार ऋषि ने भाजपा के टिकट पर नामांकन दाखिल करने से पहले हृदयेश्वरी दुर्गाशक्ति पीठ, भक्त प्रह्लाद स्तंभ स्थित भगवान नरसिंह और धीमेश्वर धाम महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद समर्थकों के जनसैलाब के बीच रोड शो निकाला और मुख्य बाजार होते हुए सुमरित उच्च विद्यालय के मैदान में जनसभा को संबोधित किया। वहीं, जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी मनोज ऋषिदेव ने सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। उन्होंने भी गाजे-बाजे के साथ रोड शो किया और मार्केटिंग यार्ड में जनसभा को संबोधित किया। महागठबंधन की ओर से अब तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं होने से फिलहाल कोई नामांकन नहीं हुआ।





फोटो परिचयः नामांकन के बाद रोड शो करते प्रत्याशी।

# कसबा प्रखंड के सभी विद्यालयों में 'पोषण माह' का सफल समापन, बच्चों ने दी संतुलित आहार और स्वच्छता की प्रेरणा

## 18 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चला पोषण जागरूकता अभियान

**न्यूज़ स्केल कसबा**

**फिया फाउंडेशन ने कई विद्यालयों को दिया सहयोग**

**रंगोली, पेंटिंग, निबंध, क्विज और नुक्कड़ नाटक से बच्चों ने दिया संदेश**

कसबा प्रखंड के सभी विद्यालयों में "पोषण माह" के तहत 18 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चलाए गए महीनेभर के जागरूकता अभियान का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगोली, पेंटिंग, संतुलित आहार से संबंधित मॉडल और स्टॉल लगाकर स्वास्थ्यवर्धक भोजन के महत्व को प्रदर्शित किया।





कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, निबंध लेखन और क्विज प्रतियोगिता जैसी विविध गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने संतुलित आहार अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने और जंक फूड से दूरी रखने का संदेश दिया।
फिया फाउंडेशन से जुड़े प्रतिनिधि उत्तम कुमार ने बताया कि संस्था ने कसबा प्रखंड के कई विद्यालयों को सहयोग प्रदान किया, जिससे कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित हो सके। इन विद्यालयों में मध्य विद्यालय बिशनपुर, आदर्श रामानंद मध्य विद्यालय गढ़बनैली, मध्य विद्यालय सिमरिया, मध्य विद्यालय मलहरिया, मध्य विद्यालय देवधा बिशनपुर, प्राथमिक विद्यालय राधानगर, कलानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़बनैली, मध्य विद्यालय यवनपुर और आदर्श मध्य विद्यालय दोगच्छी सहित कई विद्यालयों की सक्रिय भागीदारी रही।
जन समुदाय और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में प्रेरित करते हैं।
फिया फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि संस्था आगे भी विद्यालयों में पोषण, स्वच्छता, जल संरक्षण, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर निरंतर सहयोग करती रहेगी, ताकि हर बच्चा स्वस्थ, स्वच्छ और जागरूक नागरिक बन सके।
कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों के सहयोग और बच्चों की सक्रिय भागीदारी से "पोषण माह" का यह अभियान अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा।

# बायसी पुलिस की कार्रवाई में 293 लीटर विदेशी शराब जब्त, दो गिरफ्तार



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

बायसी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक चार चक्का वाहन से कुल 293.440 लीटर विदेशी शराब बरामद की। मौके से दो मोबाइल फोन सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नीतीश कुमार (21 वर्ष), पिता देव कृष्ण यादव, तथा संत कुमार यादव (18 वर्ष), पिता बालदेव यादव, दोनों निवासी रहटा, थाना कुमारखंड, जिला मधेपुरा के रूप में की गई है।
थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। बरामद वाहन और शराब को जब्त कर अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई

# मध्य विद्यालय देवरी में चोरी, 12 पंखे समेत सामान गायब

**न्यूज़ स्केल, बड़हरा कोठी**

प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय देवरी में बीती 16 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय के कार्यालय और वर्ग कक्ष का ताला तोड़कर 12 सीलिंग पंखों समेत कई शैक्षणिक सामान की चोरी कर ली। इस संबंध में प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा ने बड़हरा कोठी थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी विद्यालय में चोरी की घटना हो चुकी है, जिसका कांड संख्या 269/2024 दर्ज है। प्रधानाध्यापक ने आरोप लगाया कि उन्हें परेशान करने की नीयत से बार-बार षड्यंत्रपूर्वक ऐसी घटनाएं की जा रही हैं। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि आवेदन मिलते ही जांच शुरू कर दी गई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना है और उन्होंने रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।



# समाजसेवी संजय पोद्दार की चाची का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक

**न्यूज़ स्केल हरदा**

कृत्यानंद नगर प्रखंड के सत कोदरिया पंचायत की समाजसेवी संजय पोद्दार की चाची, प्रमिला देवी (60 वर्ष) पति राजेंद्र पोद्दार का आकस्मिक निधन हो गया। मृतका के निधन की खबर से क्षेत्रवासी शोकाकुल हैं। घटना की सूचना मिलने पर रहूआ मुखिया सूफिया परवीन, गोआ सी मुखिया व सांसद प्रतिनिधि अफरोज आलम, सत कोदरिया सरपंच व सरपंच संघ जिलाध्यक्ष अजाउर रहमान उर्फ पप्पू भाई पहुंचे और शोक व्यक्त किया। प्रमिला देवी मिलनसार स्वभाव की महिला थीं। मृतका के पुत्र बीरेंद्र कुमार और मनीष कुमार पोद्दार ने सांत्वना प्राप्त की। सत कोदरिया मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार टुड्डू, जदयू पंचायत अध्यक्ष वकील शर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सच्चिदानंद साह व डीलर संघ के महामंत्री रमेश कुमार पोद्दार समेत दर्जनों गणमान्य लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे।



# चम्पानगर थाना में शांति समिति की बैठक, पर्वों में शांति और सौहार्द की अपील

**न्यूज़ स्केल केनगर**

दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर शुक्रवार की शाम चम्पानगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अनुपम राज ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को दीपावली और छठ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आचार संहिता के तहत आतिशबाजी, लाउडस्पीकर और डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। थानाध्यक्ष ने गोकुलपुर पंचायत के पोखरिया और हाट धनहरा गांव में काली पूजा आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य बताया तथा मेले में प्रकाश और शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। बैठक में छठ घाटों की स्वच्छता, सुरक्षा, रोशनी, गोताखोरों व बैरिकेटिंग की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। थानाध्यक्ष ने सभी से आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि निर्भय सिंह, पूर्व सरपंच सुदिष्ट कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि ब्रह्मदेव मेहता, सरपंच जावेद अख्तर समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।



# पूर्णिया में फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर और कैमरामैन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षण

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**



बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से शुक्रवार को महानंदा सभागार, पूर्णिया में फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर और कैमरामैन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन वरीय प्रभारी पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त एवं नोडल पदाधिकारी-सह-निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डी.आर.डी.ए.), पूर्णिया ने किया।

**निर्वाचन कार्य से जुड़े तकनीकी और प्रशासनिक दिशानिर्देश**

प्रशिक्षण में चुनाव प्रक्रिया के दौरान वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और निगरानी से संबंधित सभी महत्वपूर्ण तकनीकी और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसमें निर्वाचन कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे नामांकन, संवीक्षा, व्यय निगरानी, आदर्श आचार संहिता उल्लंघन, मतदान दिवस की गतिविधियाँ, ईवीएम का परिवहन, मतगणना और परिणाम घोषणा तक की पूरी प्रक्रिया के सटीक दस्तावेजीकरण के तरीके पर प्रशिक्षण दिया गया।

**वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी का उद्देश्य** : प्रशिक्षण में विशेष रूप से यह बताया गया कि वीडियोग्राफी का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान घटित होने वाली सभी महत्वपूर्ण घटनाओं का सच्चा, विश्वसनीय और समवर्ती रिकॉर्ड रखना है। यह रिकॉर्डिंग निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता के पालन की निगरानी में भी सहायक होगी।

**प्रशिक्षण का उद्देश्य और दिशा-निर्देश** : वरीय प्रभारी पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त ने प्रशिक्षुओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने कार्यों में पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता और संवेदनशीलता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर मतदान केंद्रों से लेकर मतगणना केंद्र तक हर महत्वपूर्ण गतिविधि का निष्पक्ष और प्रमाणिक दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करें। इससे निर्वाचन आयोग को आवश्यक साक्ष्य उपलब्ध होंगे और पूर्णिया जिले में चुनाव प्रक्रिया का संचालन सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से संपन्न होगा।

**सफल और पारदर्शी चुनाव के लिए समर्पित योगदान** : कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षुओं ने इस प्रशिक्षण का संकल्प लिया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ करेंगे। इससे न केवल बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित होगा, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल सभी गतिविधियों का वास्तविक रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा।

## धमदाहा व रूपौली से सात प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**न्यूज़ स्केल धमदाहा,**







बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के नामांकन के पांचवें दिन कुल सात प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। धमदाहा विधानसभा से मौजूदा विधायक सह मंत्री लेसी सिंह ने जदयू उम्मीदवार के रूप में और रमन कुमार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया। वहीं रूपौली विधानसभा से जदयू के कलाधर मंडल, जनसुराज के आमोद कुमार, निर्दलीय शंकर सिंह, शंकर राम, राजीव कुमार और एनआर विकास कुमार मंडल ने पर्चा दाखिल किया।

नामांकन के बाद लेसी सिंह ने प्रेस वार्ता मे बोलते हुए कहा कि जनता विकास की राजनीति पर वोट देगी, न कि भ्रम फैलाने पर। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर समान विकास किया है। रूपौली में जदयू प्रत्याशी कलाधर मंडल ने जीत का भरोसा जताया, जबकि निर्दलीय शंकर सिंह ने विकास को अपनी प्राथमिकता बताया।

## प्रमंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय गोआ सी के छात्र-छात्राओं का धमाकेदार प्रदर्शन

**न्यूज़ स्केल हरदा,**



कृत्यानंद नगर प्रखंड के मध्य विद्यालय एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोआ सी के छात्र-छात्राओं ने प्रमंडल स्तरीय खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और प्रखंड का नाम रौशन किया। शारीरिक शिक्षक हेमकांत मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य विद्यालय गोआ सी की छात्रा अनीषा कुमारी ने गोला फेंक में प्रथम स्थान और लंबी कूद में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोआ सी के छात्र रोहन कुमार ने चक्का फेंक में प्रथम स्थान और 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं शिवम कुमार ने 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं प्रखंड का मान बढ़ाया।प्रधानाध्यापक राहुल कुमार झा और मुखिया-सह-सांसद प्रतिनिधि अफरोज आलम ने अव्वल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पूर्णिया पॉलिटेक्निक के शिक्षक के खाते से 1.50 लाख की साइबर ठगी

### साइबर अपराधियों ने बिना ओटीपी के निकाले पैसे, मोबाइल भी हैक

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया पॉलिटेक्निक के शिक्षक सह कर्म प्रमुख कामरान अब्बास साइबर ठगी का शिकार हो गए। उनके एसबीआई बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने बिना ओटीपी के कुल 1.50 लाख रुपये की अवैध निकासी कर ली। शिक्षक के अनुसार, 13 अक्टूबर 2025 की शाम करीब 6 बजे उन्हें एक कॉल आया जिसमें व्यक्ति ने खुद को बिजली विभाग का कर्मचारी बताते हुए कहा कि "आपने बीबी साजदा खातून के नाम से नया बिजली कनेक्शन लिया है, जिसका CA नंबर अपडेट नहीं हुआ है और मीटर 10 रुपये माइनस में चल रहा है।" ठग ने शिक्षक को एक लिंक भेजकर 10 रुपये का रिचार्ज करने को कहा। लिंक पर क्लिक करने और प्रक्रिया पूरी करने के बाद ठग ने व्हाट्सऐप कॉल के जरिए एक QR कोड भेजा और फिर से 10 रुपये का रिचार्ज करवाया। कुछ मिनट बाद शिक्षक का मोबाइल पूरी तरह बंद हो गया। बाद में जब उन्होंने फोन रीस्टार्ट किया तो पाया कि उनके दोनों बैंक खातों से दो बार में 75-75 हजार रुपये की निकासी हो चुकी थी।इस दौरान अपराधियों ने उनका मोबाइल हैक कर कॉल डायवर्ट कर दिया था, जिससे नेटवर्क भी गायब रहता था। पीड़ित शिक्षक ने तत्परता दिखाते हुए साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और इसके बाद साइबर थाना पूर्णिया में आवेदन देकर ठगों की पहचान, गिरफ्तारी और राशि की वापसी कराने की मांग की।

## मधुबनी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ताश की जुएबाजी में लिप्त 10 गिरफ्तार, नकद व मोबाइल बरामद

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**




मधुबनी थाना पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में जुआ खेलते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते, नगद राशि और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध जुए के अड्डों पर पुलिस की सख्ती का संदेश गया है।

गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी उयलब्ध जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी मधुबनी को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में कुछ लोग ताश के खेल की आड़ में जुए का अड्डा चला रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस दल ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से 05 पीस ताश (प्लेइंग कार्ड), 42,380 रुपये नगद और 05 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

**10 अभियुक्त गिरफ्तार, सभी पूर्णिया जिले के निवासी**

पुलिस ने मौके से कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान इस प्रकार की गई है –
अजय कुमार, कुंदन कुमार राय
मकसूद अंसारी, (32),
मोहम्मद इरफान,
कुणाल साह,
गुड्डू राम,
मो. छोटू अंसारी,
मो. इश्तियाक,
लालू अंसारी,
मो. सोफिल सभी जिला पूर्णिया निवासी हैं।

**अग्रिम कार्रवाई जारी**

थाना पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है। जुए के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। बरामद नकद राशि और मोबाइल फोनों की जांच के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध जुआ, सट्टा और अपराध के अन्य रूपों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## रुपौली थाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**न्यूज स्केल रुपौंली**

रुपौली थाना पुलिस ने गुरुवार को वाहन जांच के दौरान एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान किशोर मंडल (उम्र 29 वर्ष), पिता योगेंद्र प्रसाद मंडल, निवासी गद्दीघाट नयाटोला, थाना रुपौली, जिला पूर्णिया के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष रुपौली ने बताया कि नियमित वाहन जांच अभियान के क्रम में संदिग्ध स्थिति में एक मोटरसाइकिल को रोककर जांच की गई, जिसमें वाहन चोरी का पाया गया। इसके बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है और वाहन चोरी के स्रोत एवं अन्य संलिप्त लोगों की भी जांच की जा रही है।

## गंगा घाट पर दाह संस्कार के दौरान लापता हुए हरदा निवासी चंदन सिंह, एक सप्ताह बाद भी नहीं मिला सुराग

**न्यूज़ स्केल हरदा,**



मरंगा थाना क्षेत्र के हरदा बाजार निवासी चंदन सिंह उर्फ लालो (52) बीते 12 अक्टूबर से लापता हैं। बताया जा रहा है कि वे काढ़ागोला गंगा घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे, जहां स्नान के दौरान डूब गए। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उनका शव बरामद नहीं हुआ है। पुत्र सूरज कुमार सिंह ने मरंगा थाना में आवेदन देकर खोज की गुहार लगाई है। लगातार तलाश के बावजूद सफलता नहीं मिलने से परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

## साइबर थाना पूर्णिया द्वारा सेंट पीटर स्कूल में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

साइबर जागरूकता माह के अवसर पर साइबर थाना पूर्णिया की ओर से शुक्रवार को सेंट पीटर स्कूल, पूर्णिया में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्रों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव, साइबर अपराध के प्रकार तथा उनसे बचने के उपायों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करें और संदिग्ध लिंक या संदेशों पर क्लिक करने से बचें। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाएँ दूर कीं और डिजिटल सतर्कता का संकल्प लिया।

## जाफरी घेरने के विवाद में हुई मारपीट, पुलिस कर रही है छानबीन

**न्यूज़ स्केल हरदा (पूर्णिया)**



मरंगा थाना क्षेत्र के गोआ सी पंचायत के वार्ड संख्या-12 में जाफरी घेरने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है। इस मामले में पीड़ित सागर कुमार गुप्ता ने मरंगा थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। सागर कुमार गुप्ता ने अपने आवेदन में बताया कि वे अपने भाई सन्नी कुमार के साथ बैंगन के खेत में जाफरी से घेराबंदी कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी उपेंद्र साह (पिता स्व. सोती साह) अपने पुत्र बमबम साह, पुत्री मनीषा कुमारी और बुधिया कुमारी के साथ आकर गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने गाली देने का कारण पूछा तो बमबम साह ने लोहे का रॉड फेंककर हमला कर दिया। उपेंद्र साह और उनके परिजनों ने मिलकर सागर कुमार की पिटाई कर दी तथा गले में दांत काटकर उन्हें लहूलुहान कर दिया।

आरोप है कि हमलावरों ने न केवल जाफरी को क्षतिग्रस्त कर दिया बल्कि खेत में लगे बैंगन के पौधों को भी उखाड़ फेंका। सागर कुमार गुप्ता ने कहा कि ये लोग अक्सर आसपास के अन्य पड़ोसियों से भी विवाद करते रहते हैं।

घटना की सूचना मिलते ही मरंगा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।

## रघुवंशनगर थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न, पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर

**न्यूज़ स्केल बड़हरा कोठी**



बड़हरा कोठी प्रखंड के रघुवंशनगर थाना परिसर में दीपावली, कालीपूजा और छठ पर्व के अवसर पर क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष शिशुपाल कुमार ने की। बैठक में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। थानाध्यक्ष ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पर्व-त्योहार समाज में भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक हैं, इसलिए इन अवसरों पर शांति बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने किसी भी अप्रिय घटना या शांति भंग की स्थिति होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने का आग्रह किया। बैठक में थाना क्षेत्र के प्रमुख छठ घाटों की सुरक्षा, साफ-सफाई और लाइटिंग की तैयारी पर चर्चा हुई। विशेष रूप से बेलापेमु, महिखण्ड नहर, वरुणा, कामास्थान ओरलाहा और लक्ष्मीपुर भित्ता छठ घाटों पर अतिरिक्त चौकसी रखने का निर्णय लिया गया। थानाध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों से बेहतर साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया और सभी को पर्वों की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

# भागलपुर में जिला शांति समिति की बैठक : त्योहारों और चुनाव में शांति बनाए रखने की तैयारी

## आगामी धनतेरस, दीपावली, काली पूजा और छठ पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन अनिवार्य किया गया।

**न्यूज स्केल भागलपुर,**

**प्रतिमा विसर्जन जुलूस को कम समय में संपन्न करने और शहर अवरुद्ध न रखने का निर्देश।**

**वरीय पुलिस अधीक्षक ने बिना लाइसेंस जुलूस और डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी दी।**






जिले के समीक्षा भवन में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदय कांत की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्योहारों और बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों पर विशेष चर्चा हुई।

**आदर्श आचार संहिता का पालन आवश्यक :** जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने सभी पूजा समितियों से अपील की कि धनतेरस, दीपावली, काली पूजा और छठ पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन जुलूस को कम समय में संपन्न किया जाए और शहर को तीन दिनों तक पूर्णतः अवरुद्ध न रखा जाए। साथ ही उन्होंने 23 अक्टूबर को निर्धारित नाम वापसी की तिथि और 11 नवंबर को होने वाले मतदान की जानकारी देते हुए सभी को शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की हिदायत दी।

**सुरक्षा व्यवस्थाओं और नियमों का पालन :** वरीय पुलिस अधीक्षक श्री हृदय कांत ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस कोई भी जुलूस नहीं निकलेगा और डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने पूजा समितियों से अपील की कि बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रतिमा विसर्जन को जल्द से जल्द संपन्न किया जाए। जिला शांति समिति में उपस्थित सभी सदस्यों ने भी अपनी आवश्यकताओं और सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा।

**प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी :** बैठक में उप विकास आयुक्त श्री प्रदीप कुमार सिंह, नगर आयुक्त शुभम कुमार, सहायक समाहर्ता जतिन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार, पुलिस उपाधीक्षक नगर अजय कुमार चौधरी, सभी थाना अध्यक्ष एवं जिला शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। सभी अधिकारियों ने आगामी त्योहारों और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा, शांति और सहज आयोजन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सभी पूजा समितियों को नियमों के अनुरूप कार्य करना होगा ताकि पर्व और चुनाव दोनों ही सुचारू एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हों।

# किशनगंज में विधान सभा चुनाव 2025 के लिए कर्मियों का मेडिकल परीक्षण संपन्न

**न्यूज स्केल किसनगंज**



बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनजर किशनगंज जिले में निर्वाचन कर्मियों और पदाधिकारियों की स्वास्थ्य स्थिति का मूल्यांकन करने हेतु एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया। बोर्ड में सदर अस्पताल के डॉ. अनवर हुसैन, डॉ. उर्मिला देवी और डॉ. कुंदन आनंद सदस्य थे। यह परीक्षण 13 से 17 अक्टूबर 2025 तक संपन्न हुआ। कुल 135 कर्मियों और पदाधिकारियों को परीक्षण के लिए बुलाया गया, जिनमें से 27 अनुपस्थित रहे। परीक्षण में 73 कर्मी निर्वाचन ड्यूटी के लिए फिट नहीं पाए गए, जबकि 35 कर्मी फिट घोषित हुए। सभी स्वास्थ्य रिपोर्ट संबंधित नोडल पदाधिकारी को उपलब्ध कराई गई ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग केवल चिकित्सीय सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया की सुचारू और सुरक्षित संचालन में इसका अहम योगदान है। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि मतदान कर्मियों की स्वास्थ्य जांच, आवश्यक दवा और आपातकालीन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस प्रकार, किशनगंज जिले में मेडिकल बोर्ड द्वारा कर्मियों की स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण संपन्न हुआ, जिससे निर्वाचन कार्य सुचारू और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके।

# मास्केट हथियार और 40 लीटर देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**कटिहार,** (हि.स.)। जिला के कुर्सेला थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर एक मास्केट हथियार और 40 लीटर देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त कमलेश्वरी मंडल (45 वर्ष) पिता किशन मंडल ग्राम शेरमारी वार्ड नंबर 10 थाना कुर्सेला जिला कटिहार का निवासी है।

पुलिस ने बताया कि छापामारी के दौरान कमलेश्वरी मंडल पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे तत्परता से घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के क्रम में उसके पास से एक मास्केट हथियार, एक जिंदा कारतूस और 40 लीटर देशी शराब बरामद किए गए।

# ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस की सख्ती, सड़क किनारे ठेला-खोमचा जब्त करने का आदेश

**भागलपुर,** (हि.स.)। शहरी क्षेत्र की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई।




बैठक में डीएम ने ट्रैफिक डीएसपी संजय कुमार को यातायात में तैनात पुलिस बल को बदलने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नए पुलिस बल को प्रतिनियुक्ति के बाद अच्छी तरह ब्रीफिंग की जाए ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार दिखे। बैठक में यह भी बताया गया कि सड़क किनारे लगने वाले ठेला-खोमचा और अवैध अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बढ़ रही है। इस पर डीएम ने सड़क के किनारे बेतरतीब ढंग से लगने वाले ठेला-खोमचा को जब्त करने के सख्त निर्देश दिए।

निर्देश के बाद शनिवार को ट्रैफिक डीएसपी संजय कुमार वरीय पदाधिकारी के आदेश पर दल-बल के साथ स्टेशन चौक पहुंचे और जहां-तहां खड़े रिक्शा, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को फटकार लगाई। इसके बाद ट्रैफिक डीएसपी ने एम.पी. द्विवेदी रोड में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पलासी में जीविका समूह ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**अररिया** (हि.स.)। अररिया जिले के प्रखंड पलासी में आज दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत एक महत्वपूर्ण मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड के जीविका समूह द्वारा किया गया, जो लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता शिक्षा दी गई तथा मतदान के महत्व और प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की गई। अभियान में महिलाओं, युवा मतदाताओं और वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से शामिल किया गया, ताकि सभी आयु वर्ग के लोग मतदान में सक्रिय भूमिका निभा सकें। SVEEP गतिविधियों के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में मतदान के अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल को सराहा और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अभियान के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और व्यापक भागीदारी के साथ संपन्न हो।



# सिकटी की निर्वाची पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों के अधिकारियों के साथ बैठक कर की समीक्षा

**अररिया,** (हि.स.)। सिकटी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी -सह- उप विकास आयुक्त द्वारा सिकटी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न कोषांगों की प्रगति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। इस बैठक में वाहन कोषांग सहित अन्य कोषांगों से संबंधित तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।



निर्वाची पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कोषांगों से जुड़ी तैयारियां निर्धारित समय में पूर्ण कर ली जाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी या बाधा न उत्पन्न हो। बैठक में यह भी सुनिश्चित करने निर्देश दिया गया कि मतदान कर्मियों को सामग्रियों की उपलब्धता ससमय कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएं। इसके साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः सभी अधिकारी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे ने अररिया से दाखिल किया नामांकन पर्चा

**अररिया,** (हि.स.)। बिहार के चर्चित आईपीएस और "सुपर कॉप" के नाम से प्रसिद्ध शिवदीप वामनराव लांडे ने शुक्रवार को अररिया विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। शिवदीप लांडे ने पदयात्रा की शुरुआत शिवपुरी स्थित वंदना हॉल से अनुमंडल कार्यालय तक की। उनके साथ उनकी पत्नी डॉ. ममता लांडे भी थीं। पदयात्रा में सैकड़ों युवा, बुजुर्ग, माताएं और बहनें शामिल होकर उनका उत्साहवर्धन किया।



नामांकन पर्चा एसडीओ कार्यालय में अररिया के निर्वाची पदाधिकारी सदर एसडीओ रवि प्रकाश के समक्ष जमा किया गया। इसी दिन, रानीगंज (अजा) सुरक्षित सीट से उनके समर्थक अमन राज ने भी अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। शिवदीप लांडे ने कहा कि एकपुलिस अधिकारी के रूप में उन्होंने जनसेवा की और अब जनसेवक के रूप में सेवा करने के लिए चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता थाना और प्रखंड स्तर पर निहित भ्रष्टाचार का खात्मा और शांति, सुशासन व पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। पद यात्रा के दौरान शिवदीप लांडे ने दक्षिणेश्वरी महाकाली मंदिर और खड़गेश्वरनाथ शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि अररिया की जनता बदलाव चाहती है और वह उसी बदलाव के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# एसएसबी के चिकित्साकर्मियों ने सीपीआर कार्यक्रम का किया आयोजन,जवानों को सीपीआर की दी गई जानकारी

**अररिया,** (हि.स.)। एसएसबी 56वीं वाहिनी बथनाहा के चिकित्सा कार्मिकों एवं संयुक्त अस्पताल बथनाहा के कार्मिकों द्वारा शुक्रवार को सीपीआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



सीपीआर का पूरा नाम कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन है,जो एक आपातकालीन जीवन-रक्षक प्रक्रिया है। किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रुक जाने पर की जाती है, खासकर कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में। इस कार्यक्रम में एसएसबी के चिकित्सकों ने जवानों को सीपीआर का मॉकड्रिल कर सीपीआर के तरीकों के बारे में जानकारी दी।मौके पर एसएसबी 56वीं वाहिनी के अधिकारीगण,अन्य कार्मिक एवं संयुक्त अस्पताल बथनाहा के अधिकारी व अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर नारी सशक्तिकरण और उत्थान पर सप्तशक्ति संगम का आयोजन

**अररिया,** (हि.स.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर फारबिसगंज के गंगा सरस्वती शिशु मंदिर एवं श्री रानी सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती के तत्वावधान में नारी सशक्तिकरण और महिलाओं के उत्थान को लेकर सप्तशक्ति संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन अंजली दीदी एवं नमिता दीदी ने किया।




कार्क्रम में प्रस्तावना उद्बोधन देते हुए विद्या मंदिर की दीदी ममता रानी ने महिलाओं की परिवार, समाज और राष्ट्र में भूमिका पर सारगर्भित विचार साझा किए। कार्यक्रम प्रमुख ममता कुमारी ने परिवार में खान-पान, सुरक्षा, जीवनशैली, संस्कार और संस्कृति के संरक्षण में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका और प्रेरणादायी उदाहरणों को भी प्रस्तुत किया। जयंती दीदी ने देश की वर्तमान परिस्थितियों में महिलाओं के योगदान पर बात करते हुए कहा कि महिलाएं राजनीति, विज्ञान, खेती, अंतरिक्ष, व्यापार और कला सहित सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और आर्थिक विकास को गति दे रही हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्वेता झा ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य प्राचीन भारतीय संस्कारों और पारिवारिक जीवन मूल्यों को पुनर्जीवित करना है। अनीता दीदी, सरिता दीदी, खुशबू दीदी, पुष्प लता दीदी, तानिया दीदी और स्नेहा दीदी के द्वारा महिला सशक्तिकरण पर प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाली माताओं को सम्मानित किया गया। लगभग तीन सौ माताओं सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एडीएम आपदा प्रबंधन ने मतदान समाग्री कोषांग का किया निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान कोषांग में सामग्री वितरण और विखंडन की प्रक्रिया की समग्र समीक्षा हुई**

**जिला स्तर पर चयनित एजेंसी से मतदान सामग्री आपूर्ति हेतु दूरभाष पर वार्ता की गई।**

**वरीय पदाधिकारी ने सामग्री विखंडन कार्य के संबंध में आवश्यक सुझाव और निर्देश प्रदान किए।**

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत सुपौल में मतदान सामग्री कोषांग के कार्यों का आज अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन)-सह-वरीय पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। सुबह 11:30 बजे से शुरू हुए निरीक्षण में कोषांग के सभी कार्यों की समग्र समीक्षा





की गई और आगामी चुनाव में समयबद्ध एवं व्यवस्थित सामग्री वितरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। **मतदान केन्द्रवार विखंडन का निदेश** : निरीक्षण के दौरान पदाधिकारी ने एजेंसी द्वारा आपूर्ति की गई मतदान सामग्री को प्रत्येक मतदान केंद्र के अनुसार विखंडन करने के स्पष्ट निर्देश कोषांग के पदाधिकारी एवं कर्मियों को दिए। उन्होंने कहा कि विखंडन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या त्रुटि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है, इसलिए सभी कर्मचारियों को समयबद्ध और सावधानीपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। **प्रतिनियुक्त शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी** : कोषांग में उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिनियुक्त शिक्षकों का योगदान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए दूरभाष के माध्यम से सभी शिक्षकों को तत्काल सूचना देने और उनके सक्रिय सहयोग को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। पदाधिकारी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि प्रत्येक शिक्षक को मतदान सामग्री वितरण कार्य में पूरी तत्परता के साथ शामिल किया जाना चाहिए। **जिला स्तर पर एजेन्सी से संवाद** जिला स्तर पर चयनित एजेंसी से भी मतदान सामग्री आपूर्ति के संबंध में दूरभाष पर वार्ता की गई। इस दौरान सामग्री विखंडन प्रक्रिया, समयसीमा और कार्य संचालन के बारे में आवश्यक सुझाव एवं निर्देश वरीय पदाधिकारी द्वारा प्रदान किए गए। उन्होंने कहा कि उचित समन्वय और समयबद्ध कार्य से ही मतदान प्रक्रिया सुचारू और त्रुटिहीन होगी।

## मतदाता जागरूकता रैली से गूंजा बड़हरा, बीडीओ के नेतृत्व में छात्रों ने निकाली प्रभात फेरी

**न्यूज़ स्केल मरौन**

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर मतदाताओं में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बड़हरा में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व बीडीओ मरौना रचना भारतीय ने किया। **छात्रों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी** : कार्यक्रम में उच्च विद्यालय बड़हरा और मध्य विद्यालय मनोहरपट्टी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी की टीम, सीडीपीओ मरौना आरती




कुमारी, एल.एस., सेविका एवं सहायिका ने भी सक्रिय रूप से योगदान दिया। बच्चों ने हाथों में तख्तियाँ और पोस्टर लेकर गाँव की गलियों में जाकर लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। **प्रभात फेरी में मतदान संदेश** सुबह-सुबह विद्यालय प्रांगण से शुरू हुई प्रभात फेरी में छात्रों ने "न वोट बेचेंगे, न वोट छोड़ेंगे, अपना हक ज़रूर देंगे" जैसे नारों के साथ पूरे क्षेत्र में जागरूकता फैलायी। यह कदम स्थानीय लोगों में लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी और मतदान के महत्व को समझाने में मददगार रहा। **शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान का संकल्प** : बीडीओ रचना भारतीय ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का वोट देना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि प्रशासन लगातार ऐसे अभियान चला रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्र तक पहुँचें और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने आगामी चुनाव में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और अधिकतम मतदान कराने का संकल्प लिया।

> **बीडीओ रचना भारतीय ने हर नागरिक के वोट देने के महत्व पर जोर दिया।**
>
> ------------------
>
> **कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और अधिकतम मतदान कराने का संकल्प लिया।**

## एसएसबी ने एक आर्म्स और तीन लोगों को किया गिरफ्तार ,एक बाइक जब्त

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

एस एस बी 45वीं वाहिनी एसएसबी की सीमा चौकी रिफ्यूजी कॉलोनी ने विशेष नाका ड्यूटी के दौरान एक हथियार , एक मोटरसाइकिल के साथ 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है।
जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि तस्करों द्वारा सीमा स्तम्भ संख्या 201 से लगभग 400 मीटर भारत की तरफ़ प्रतिबंधित सामान की तस्करी होने वाली है।
सूचना की पुष्टि उपरांत निरीक्षण दिनेश सिंह की



अगुआई में नाका दल का गठन किया गया ।
चिन्हित स्थान पर पहुँच कर नाका दल छिप कर बैठ गया।
कुछ समय बीत जाने के बाद नाका दल ने देखा की असूचना से मेल खाती हुई एक मोटर साइकिल उनकी तरफ़ आ रही है ।
नाका पार्टी में उन्हें चेतावनी देते हुए धर दबोचा और मोटर साइकिल पर सवार तीनो व्यक्तियों की तलाशी ली गई ।
तलाशी के दौरान एक व्यक्ति के पास से एक छोटा हथियार (पिस्टल) बरामद हुआ।
नाका दल द्वारा पकड़े गए हथियार, मोटरसाइकिल तथा



तीनों तस्कर को कब्जे मे कर जब्ती की आवश्यक कार्यवाही कि गई एवं ज़ब्ती को तस्कर के साथ थाना- बीरपुर , सुपौल बिहार को सुपुर्द किया गया ।
इस दौरान एसएसबी के निरीक्षक दिनेश सिंह के साथ के साथ 12 अन्य जवान उपस्थित थे।

## दीपावली की तैयारी में जुटे ग्रामीण



**न्यूज़ स्केल मरौन**

दीपों का पर्व दीपावली नजदीक आते ही गाँव-गाँव में रौनक बढ़ गई है। मरौना प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में लोग उत्साहपूर्वक दीपावली की तैयारी में जुटे हैं। कहीं घरों की साफ -सफाई चल रही है तो कहीं महिलाएँ व बच्चे मिलकर मिट्टी के दीयों को तैयार कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी वे मिट्टी के दीये खरीदकर उन्हें साफ-सजाकर तैयार कर रहे हैं ताकि घर-आँगन दीपमालाओं से जगमगा उठे। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी लोग इस कार्य में शामिल हैं। इस पारंपरिक तैयारी में सामूहिक सहयोग की झलक देखने को मिल रही है।

बताते चले दीयों की बिक्री से ग्रामीण महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। वे इन दीयों को बाजारों में बेचकर घर की आमदनी में योगदान दे रही हैं। दीपावली के इस पावन अवसर पर गाँव में आपसी मेल-जोल और उत्साह का माहौल देखते ही बन रहा है।

## आदर्श आचार संहिता के अवधि में प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की दी गयी जानकारी




**न्यूज़ स्केल सुपौल**

सदस्य सचिव एम.सी.एम.सी. सुपौल-सह-जिला जन संपर्क पदाधिकारी, विकास कुमार कर्ण की अध्यक्षता में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ एक प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई।
उक्त बैठक में आदर्श आचार संहिता की अवधि में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज़, फेक न्यूज़ तथा मीडिया प्रमाणीकरण से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।सदस्य सचि द्वारा राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन में मीडिया की भूमिका, आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों तथा विज्ञापनों के प्रमाणीकरण से संबंधित प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

## स्कूलों से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता ले रहे हैं मतदान करने का संकल्प

**न्यूज़ स्केल प्रतापगंज**

प्रतापगंज प्रखंड क्षेत्र की पंचायतों में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वीप (SVEEP) कार्यक्रम के तहत व्यापक गतिविधियाँ चल रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान सघन रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में कैंडल मार्च, स्कूली बच्चों की रैलियाँ, संध्या चौपाल और मतदान शपथ पाठ जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं, जिनके माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है।
**संध्या चौपाल और कैंडिल मार्च ;** '' गुरुवार की शाम भवानीपुर दक्षिण पंचायत में विकास मित्रों के नेतृत्व में



> **मतदान का महत्व और नैतिक कर्तव्य** : कर्मियों ने ग्रामीणों को मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य भी बताया। उन्होंने समझाया कि अधिक से अधिक मतदान करने से ही मजबूत लोकतंत्र स्थापित किया जा सकता है। लोगों से अपील की गई कि वे निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और दूसरों को भी वोटिंग के लिए प्रेरित करें। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदान प्रतिशत को अधिकतम करना और सभी नागरिकों में लोकतांत्रिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है।

संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। महादलित टोले में महिलाओं द्वारा कैंडिल मार्च निकाला गया, जिसमें ग्रामीणों को मतदान के महत्व और जिम्मेदारी के बारे में बताया गया। इस दौरान विकास मित्रों और स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने ग्रामीणों से पहले मतदान और फिर जलपान की शपथ दिलाई, जिससे मतदान की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। **स्कूली बच्चों की जागरूकता रैली** : भवानीपुर उतर पंचायत स्थित एभरेस्ट इंग्लिश स्कूल, मध्य विद्यालय इस्लामपुर हिन्दी और मध्य विद्यालय गंगसायर के बच्चों ने शुक्रवार प्रातः मतदाता जागरूकता रैली निकाली। बच्चों ने "सबसे वोट दिलायेंगे", "हम बच्चे देंगे संदेश, वोट डालो बढ़ाओ देश", "पहले मतदान फिर जलपान" जैसे नारों के साथ लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली ने टोला-मुहल्लों के मार्गों से गुजरकर पूरे इलाके में संदेश पहुँचाया।






कुल मिलाकर प्रतापगंज में स्वीप कार्यक्रम के तहत चल रहे ये जागरूकता अभियान लोगों में मतदान के प्रति उत्साह और जिम्मेदारी का संचार कर रहे हैं।

## सुपौल पुलिस के द्वारा प्रस्तुत किये गए साक्ष्य

**पुलिस की गवाही एवं समर्पित की गयी आरोप पत्र के आधार पर तीन अभियुक्त को सजा**

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

सुनील कुमार तृतीय, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, पंचम सुपौल के द्वारा प्रतापगंज थाना कांड सं0-24/2023 दिनांक-26.02. 2023 से जनित एन०डी०पी०एस० वाद सं0-15/23, धारा- 20 (बी) (ii) (सी)/29 एन०डी०पी०एस० एक्ट में आरोपित नामजद अभियुक्त रंजीत कुमार मेहता पिता-प्रमानंद मेहता सा०-पिपराही वार्ड नं0-03 2. अनिल सदा पिता-बालकृष्ण सदा सा०-पिपराही वार्ड -2 पो०-बसावनपट्टी, 3. देवचन्द्र सादा पिता-गुरूदेव सादा



सा०-पिपराही वार्ड नं0-01 पो०-बसावनपट्टी तीनों का थाना-रतनपुरा, जिला-सुपौल को दोषी पाकर 15-15 (पंद्रह-पंद्रह) वर्ष का कठोर कारावास एवं 150,000 (डेढ़ लाख) रू० अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी। अनियुक्त द्वारा अर्थदण्ड की राशि का भुगतान नहीं करने पर छः माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा सुनायी गयी। अभियुक्त के द्वारा में पूर्व में कारा में बिताई गयी अवधि दी गयी सजा में समायोजित की जायगी। अभियुक्त को सजा दिलाने में जिला अभियोजन की ओर धर्मेन्द्र कामत विशेष लोक अभियोजक , अभियोजन कोषांग के पुलिस पदाधिकारी कर्मी की अहम भूमिका रही।

## एसएसबी ने 25 लीटर नेपाली शराब के साथ तीन महिला तस्कर को किया गिरफ्तार

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

एस एस बी 45वीं वाहिनी की सीमा चौकी कुनौली ने बिहार पुलिस के साथ संयुक्त गश्ती के दौरान किया 15 लीटर नेपाली शराब के साथ तीन महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है।
जानकारी देते हुए 45वीं वाहिनी कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान सीमा पर तस्करी की रोकथाम हेतु 45वी वाहिनी बिहार पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर भारत नेपाल सीमा पर लगातार मुस्तैदी बनाये रखी है। इसी क्रम मे बिहार पुलिस के बालकर्मियों के साथ संयुक्त गश्ती के दौरान सीमा स्तंभ संख्या 223/10 के पास जवानों ने देखा की 3 महिलाए सिर पर कुछ सामान के साथ नेपाल से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रही थी।
गश्ती दल को देखते ही महिलाएं सामान फेंक कर भागने की कोशिश करने लगी । जवानों ने



स्फूर्ति के साथ उन्हें रोक दिया एवं नियमानुसार तलाशी ली गई।
तलाशी के दौरान बोरे से 50 बोतल नेपाली शराब बरामद हुई जिसका कुल वजन 15 किलो था।जब्त की गई नेपाली शराब तथा तस्कर को को थाना- कुनौली को सुपुर्द कर दिया।
इस दौरान एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक मदन लाल के साथ के साथ 7 अन्य जवान एवं बिहार पुलिस के उप निरीक्षक दिवाकर प्रसाद व अन्य बालकर्मी उपस्थित थे।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन

**न्यूज स्केल नालंदा**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर नालंदा जिले में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को सुनिश्चित करने हेतु डीआरडीए सभाकक्ष में आदर्श आचार संहिता कोषांग का संचालन किया जा रहा है। श्री रंजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी, ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों/कर्मियों के साथ बैठक कर कार्यों और दायित्वों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर 2025 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।



**सभी कर्मियों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारी** निर्वाचन की घोषणा के बाद सभी पदाधिकारी एवं कर्मी आयोग के नियंत्रण में काम कर रहे हैं। राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के साथ-साथ सभी कर्मियों से भी आदर्श आचार संहिता का पालन अपेक्षित है। जिला अंतर्गत सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में कोषांग 24x7 सक्रिय है।

**प्रचार-प्रसार गतिविधियों की निगरानी** : सभा, जुलूस, रैली, रोड शो जैसी गतिविधियों की अनुमति केवल निर्वाचि पदाधिकारी से आवश्यक है। बिना अनुमति होने पर इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**उड़नदस्ता दल और स्टैटिक टीम की भूमिका** | : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी 7 विधानसभा क्षेत्रों में 21 उड़नदस्ता दल और 21 स्टैटिक टीम का गठन किया है। 21 चेकपॉइंट पर तीन-तीन पाली में कुल 63 दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी तैनात हैं। वे वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करते हुए नकदी, वर्जित पदार्थ और असंदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रख रहे हैं।

**सोशल मीडिया पर भी**

**सीमावर्ती निगरानी और नियमित रिपोर्टिंग नियमित रिपोर्टिंग** : जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट बनाए गए हैं और दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी नियमित निगरानी कर रहे हैं। टीमों से दूरभाष पर समय-समय पर जानकारी ली जा रही है ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे।

**अनुपालन जरूरी** : सभी कर्मियों को बताया गया कि सोशल मीडिया पर पोस्ट, लाइक और कमेंट में भी आदर्श आचार संहिता का पालन अनिवार्य है। अब तक सोशल मीडिया उल्लंघन के एक मामले में कार्रवाई की गई है। सी विजिल एप के माध्यम से प्राप्त परिवाद का निष्पादन 100 मिनट में किया जा रहा है।

## नालंदा में विधानसभा चुनाव 2025 के लिए चुनावी कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न

**न्यूज स्केल नालंदा**



बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के सफल और निष्पक्ष आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए जिले में आज चुनावी कर्मियों का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मतदान और मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारु बनाना था। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों ने EVM और VVPAT के संचालन, मॉक पोल, क्लोजिंग प्रक्रिया, काउंटिंग की तैयारी और रिपोर्टिंग फॉर्म भरने की विधियों पर विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों को मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर EVM की क्लीनिंग, सेटअप, मॉक पोल, क्लोज बटन, CU और VVPAT के समुचित संचालन के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य बताया गया। साथ ही, फॉर्म 17C के सही रख-रखाव और मतगणना की तैयारी से जुड़े दिशा-निर्देश भी दिए गए। प्रतिभागियों ने मॉक पोल के माध्यम से व्यावहारिक अभ्यास किया और चुनाव प्रक्रिया की बारीकियों को समझा। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रशिक्षण कर्मियों की दक्षता बढ़ाने के साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को निष्पक्ष और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## बेतिया में SST का निरीक्षण, विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों का जायजा

**न्यूज स्केल बेतिया**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को ध्यान में रखते हुए आज श्री सौरव आलोक, निर्वाची पदाधिकारी, 1-वाल्मीकिनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, ने उत्तर प्रदेश एवं बिहार की सीमा पर स्थित बांसी घाट स्टैटिक सर्विलांस चेक पोस्ट (SST) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को प्रतिदिन पालीवार उपस्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि प्रतिस्थानी अधिकारी के आने तक SST पर ड्यूटी स्थल पर बने रहें। चेक पोस्ट पर लगे CCTV की क्रियाशीलता की जांच भी की गई ताकि निगरानी पूरी तरह प्रभावी और सुचारु बनी रहे। निरीक्षण के समय श्री मनोज कुमार पंडित, प्रखंड विकास पदाधिकारी, भितहा; श्री कुंदन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मधुबनी; श्री अनिमेश, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पिपरासी; श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मधुबनी; प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, भितहा और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निर्वाची पदाधिकारी ने कहा कि यह कदम विधानसभा चुनाव 2025 में सीमाई क्षेत्रों में सुरक्षा और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है और इससे चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने में मदद मिलेगी।



## दरभंगा में PDS विक्रेताओं को संबोधित कर बढ़ाई गई मतदाता जागरूकता

**न्यूज स्केल दरभंगा**

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज प्रेक्षागृह, दरभंगा में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री कौशल कुमार ने जिले के जन वितरण प्रणाली (PDS) विक्रेताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री कौशल कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को यह भी याद दिलाया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने डीलरों से आग्रह किया कि वे स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग करें और आम जनता को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। जिला पदाधिकारी ने बताया कि "स्वस्थ लोकतंत्र की नींव, जागरूक मतदाता" के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए जिले में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व और प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर श्री कौशल कुमार ने डीलरों से संवाद कर उन्हें मतदाता जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि जिले में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके और अधिक से अधिक नागरिक अपने मत का प्रयोग करें।



**डीलरों से अपील की गई कि वे स्वयं मतदान करें और जनता को प्रेरित करें।**

## दरभंगा में सभी स्टैटिक चेक पोस्टों पर 24×7 निगरानी, आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित

**न्यूज स्केल दरभंगा**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए दरभंगा जिला प्रशासन ने सुरक्षा तैयारियों को और सुदृढ़ किया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिले के सीमावर्ती थाना क्षेत्रों में आठ से अधिक स्टैटिक चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। इन सभी चेक पोस्टों पर 24×7 निगरानी रखी जा रही है, तथा नियमित रूप से वाहनों और व्यक्तियों की जांच की जा रही है। स्थापित चेक पोस्ट निम्नलिखित स्थानों पर कार्यरत हैं: बिठौली – मुजफ्फरपुर-दरभंगा एनएच पथ की सीमापर राजे टोल प्लाजा – मुजफ्फरपुर-दरभंगा एनएच पथ पर राजनगर सीमा – राजनगर-दरभंगा पथ की सीमा पर पुनाच – सहरसा-दरभंगा पथ की सीमा पर तिलकेश्वर थाना के पास – खगड़िया-कुशेश्वरस्थान पथ की सीमा पर जमालपुर के पास – समस्तीपुर-दरभंगा पथ की सीमा पर चंदौना के पास – सीतामढ़ी-दरभंगा पथ की सीमा पर मोतगाह के पास – रोसड़ा-बहेड़ी पथ की सीमा पर प्रत्येक चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारीगण 24 घंटे ड्यूटी पर रहेंगे और कड़ी निगरानी के साथ आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को सुनिश्चित करेंगे। आज जसमलपुर, घेपुरा, केवटी, रोसड़ा-बहेड़ी पथ सहित सैकड़ों गाड़ियों की जांच की गई। जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि वे आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन करें और निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें।



**01 : सभी चेक पोस्टों पर वाहनों और व्यक्तियों की नियमित जांच की जा रही है।**

**02 : प्रतिनियुक्त पदाधिकारीगण आदर्श आचार संहिता के पालन की जिम्मेदारी संभालेंगे।**

**03 : जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से सहयोग और आदर्श आचार संहिता पालन की अपील की।**

## सद्दाम हत्याकांड में सात गिरफ्तार, पैसे के लेन देन में हुई हत्या

## डीएसपी सदर 1 के नेतृत्व में बंजरिया व नगर पुलिस ने घटना का महज 24 घंटे में किया उद्भेदन

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र के चैलाहां टाल रोड में हुई युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी सदर दिलीप कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान चैलाहां टाल निवासी सद्दाम अंसारी के रूप में हुई है, जो रघुनाथपुर में नया घर बना रहा था। मुख्य आरोपी रशीद अंसारी ने क्रिकेट सट्टेबाजी के लिए सद्दाम से 10 लाख रुपये उधार लिए थे। रुपये लौटाने से बचने के लिए उसने हत्या की साजिश रची और साथियों की मदद से वारदात को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों में रघुनाथपुर के मोहम्मद फहीम उर्फ रेहान, बलुआ टाल के राहुल कुमार, चिरैया के मनीष कुमार और अब्दुल नबी शामिल हैं। हत्या में प्रयुक्त चारपहिया वाहन और मृतक की अपाची बाइक बरामद कर ली गई है। घटना के बाद आरोपी राहुल ने अपने रिश्तेदार संग्रामपुर दुबे टोला के अभिजीत दुबे और नगर थाना गोपालपुर के बाबुल दुबे के यहां शरण ली थी, जिन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस सभी संभावित बिंदुओं, विशेषकर पैसे के विवाद और मुखबिरी की आशंका पर जांच कर रही है।



## बिहार में विदेशी शराब की बड़ी खेप जब्त, दो गिरफ्तार

**लोहरदगा (झारखंड)/**

मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, बिहार के विशेष अभियान दल को गुप्त सूचना मिली कि बाहरी राज्य से बिहार में विदेशी शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुरु थाना, जिला लोहरदगा (झारखंड) के सहयोग से 16 अक्टूबर को छापेमारी की।



इस कार्रवाई में एक 10-चक्का ट्रक से लगभग 3664 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई और मौके से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। शराब और वाहन को जप्त कर कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है।

## सुगौली में 960 ग्राम चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। सुगौली थाना क्षेत्र में नशे के कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान सुगौली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने श्रीपुर एसएसटी प्वाइंट के पास से 960 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रामगढ़वा थाना क्षेत्र के पंचभेड़िया गांव निवासी संजय पंडित पिता महंत पंडित के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक मोटरसाइकिल (संख्या बीआर 05 एडी 7261) भी जब्त की है।



थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में चरस लेकर नेपाल की ओर से जाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने श्रीपुर के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदेह होने पर उक्त मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से कुल 960 ग्राम चरस बरामद हुआ।उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया और उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बरामद बाइक एवं चरस को जब्त कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। ---------------

# स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1ए की पहली उड़ान आज, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रहेंगे मौजूद

**नासिक, (हि.स.)।** देश की विमानन और रक्षा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में शुक्रवार का दिन एतिहासिक होने जा रहा है जब हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की तरफ से बनाया गया तेजस एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान पहली बार उड़ान भरेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में आज महाराष्ट्र के नासिक में तेजस एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान पहली बार उड़ान भरेगा। तेजस मार्क-1ए की पहली उड़ान देश की वैज्ञानिक उपलब्धि के साथ देश की रणनीतिक आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर है।

एचएएल का बनाया तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान आज नासिक में पहली उड़ान भरेगा। स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए मार्क-1ए भारतीय वायुसेना की क्षमता को और मजबूत करते हुए मिग-21 का स्थान लेंगे। वायुसेना ने पिछले महीने 26 सितंबर को मिग-21 को अपने बेड़े से सेवानिवृत्त किया है। हालांकि इसे वायुसेना में शामिल करने की औपचारिक घोषणा फिलहाल नहीं हुई है लेकिन एचएएल का कहना है कि बहुत जल्द इसे भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल कर लिया जाएगा।

खास बात यह है कि तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान, तेजस लड़ाकू विमान का एडवांस वर्जन है और इसकी रफ्तार 2200 किमी से भी अधिक है। इसे ब्रह्मोस समेत विभिन्न स्वदेशी हथियारों से लैस किया जाएगा। इसमें अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार सिस्टम हैं।

इसकी अन्य खासियतों पर नजर डालें तो यह हर मौसम, दिन-रात और हर तरह के ऑपरेशन में एक साथ कई लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। यह स्वदेशी तकनीक से बना विदेशी निर्भरता से मुक्त है।



# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन रही तेजी, सेंसेक्स 485 अंक उछला

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इस हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। प्रमुख बैंकों एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और विदेशी कोषों की लिवाली के दम पर लगातार तीसरे दिन बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 485 अंक उछल गया, जबकि निफ्टी 25,700 के ऊपर बंद हुआ।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 484.53 अंक यानी 0.58 फीसदी उछलकर 83,952.19 अंक पर बंद हुआ है। कारोबार के दौरान एक समय यह 704.58 अंक बढ़कर 84,172.24 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 124.55 अंक यानी 0.49 फीसदी की बढ़त के साथ 25,709.85 के स्तर पर बंद हुआ है। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एशियन पेंट्स में सबसे ज्यादा 4.18 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर बढ़त में सफल रहे।



वहीं, इंफोसिस, एचसीएल टेक, इटर्नल, टेक महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर पिछड़ने वालों में शामिल रहे।इसके अलावा एशियाई बाजारों में शामिल दक्षिण कोरिया का कोस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि यूरोप के बाजार तेजी से नीचे कारोबार कर रहे थे।उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 862.23 अंक यानी 1.04 फीसदी उछलकर 83,467.66 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी 261.75 अंक यानी 1.03 फीसदी की बढ़त के साथ 25,585.30 अंक पर बंद हुआ था।

# यूको बैंक का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 2.82 फीसदी बढ़कर 620 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 30 सितंबर को समाप्त जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 2.82 फीसदी बढ़कर 620 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में यूको बैंक को 603 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

यूको बैंक ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि 30 सितंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में बैंक का कुल कारोबार 5.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 13.23 फीसदी अधिक है। बैंक ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान सकल अग्रिम 16.56 फीसदी बढ़कर 2.31 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि कुल जमा 10.85 फीसदी बढ़कर 3.06 लाख करोड़ रुपये रहा। यूको बैंक ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) 0.62 फीसदी घटकर 2.56 फीसदी रही। यूको बैंक देश का एक प्रमुख बैंक है। इसका मुख्यालय कोलकाता में स्थित है।

# गोंद कतीरा : सेहत के लिए आयुर्वेदिक वरदान

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। गोंद कतीरा आयुर्वेद में सेहत के लिए वरदान माना जाता है। हड्डियों को मजबूत बनाने और बोन रिलेटेड रोगों के खतरे को कम करने में यह लाभकारी है। थकान और कमजोरी दूर करने, एनर्जेटिक महसूस करने और वेट लॉस में मदद के लिए भी गोंद कतीरे का सेवन फायदेमंद है। पेट की सेहत सुधारने, कब्ज, पेट दर्द और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में भी यह कारगर है। इसके पोषक तत्व इरिटेबल बाउल सिंड्रोम और खून की कमी को कम करने में मदद कर सकते हैं। सर्दियों



में ड्राई फ्रूट्स के साथ लड्डू और गर्मियों में मिश्री के साथ शरबत बनाकर सेवन करना उचित है।

# गुनगुने पानी में शहद : सेहत का प्राकृतिक वरदान

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। दादी-नानी के समय से शहद को सेहत के लिए वरदान माना जाता रहा है। गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद मिलाकर रोजाना पीने से कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव संभव है। यह ड्रिंक ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने, दिल की सेहत मजबूत करने और पेट साफ रखने में मदद करती है। कब्ज की समस्या कम होती है और गट हेल्थ बेहतर होती है। सर्दियों में गले की खराश, खांसी और जुकाम जैसी समस्याओं से राहत पाने के लिए भी शहद वाला गुनगुना पानी बेहद



फायदेमंद है। नियमित सेवन से शरीर में प्राकृतिक डिटॉक्स और ऊर्जा का अनुभव होता है।

# राशिफल : 18 अक्टूबर, 2025

**मेष :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**सिंह :** निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**तुला :** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**धनु :** अवरुद्घ कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**कुम्भ :** हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

**वृष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्घिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मनः स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-3-4-7

**कर्क :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**कन्या :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्याकंन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक :** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**मकर :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**मीन :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

# पंचांग : 18 अक्टूबर, 2025

पंचांग : 18 अक्टूबर, 2025
18 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य तुला में
चंद्र सिंह में
मंगल तुला में
बुध तुला में
गुरु मिथुन में
शुक्र कन्या में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 05.59 बजे से
वृश्चिक 08.14 बजे से
धनु 10.30 बजे से
मकर 12.35 बजे से
कुंभ 14.21 बजे से
मीन 15.54 बजे से
मेष 17.25 बजे से
वृष 19.05 बजे से
मिथुन 21.03 बजे से
कर्क 23.16 बजे से
सिंह 01.32 बजे से
कन्या 03.44 बजे से
शनिवार 2025 वर्ष का 291 वा दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु शरद।
विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) पक्ष कृष्ण
तिथि द्वादशी 12.20 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनी 15.42 बजे को समाप्त। योग ब्रह्म 01.48 बजे रात्र को समाप्त। करण तैतिल 12.20 बजे तदनन्तर गर 01.03 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 24.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 090 38’
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872501
जूलियन दिन 2460966.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1447 महीना रबी उस्सानी तारीख 25 विशेष धनतेरस, यम दीपम, प्रदोष व्रत, शनि त्रयोदशी।




# गुजरात में भूपेंद्र सकार में हर्ष संघवी बने सबसे उपमुख्यमंत्री, 25 मंत्रियों में 19 नए चेहरे शामिल

**गांधीनगर,** (हि.स.)। गुजरात में शुक्रवार को भूपेंद्र सरकार के नए मंत्रिमंडल में छह पुराने और 19 नए विधायकों के साथ कुल 25 विधायकों को मंत्री बनाया गया है। हर्ष संघवी को प्रोन्नत कर उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। क्रिकेट खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जाडेजा को भी मंत्री बनाया गया है। इन 25 मंत्रियों में 19 नए चेहरों क शामिल किया गया है।गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में आज हुए शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सभी 25 विधायकों को मंत्रि पद की शपथ दिलाई। हर्ष संघवी ने सबसे पहले उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद जीतू वाघाणी, नरेश पटेल, अर्जुन मोढवाडिया, प्रद्युमन वाजा और रमन सोलंकी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। ईश्वरसिंह पटेल, प्रफुल्ल पानसेरिया और डॉ. मनीषा वकील ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में शपथ ली। कांती अमृतिया, रमेश कटारा, दर्शनाबेन वाघेला, कौशिक वकेरिया, प्रवीण माली, जयराम गामित, त्रिकम छागा, संजय महीडा, कमलेश पटेल, पी.सी. बरंडा, स्वरूपजी ठाकोर और रिवाबा जाडेजा ने राज्य मंत्री के रूप में शपथ ली। नए मंत्रियों ने हाथ में भगवद गीता लेकर शपथ ली। इसके अलावा पुरुषोत्तम सोलंकी, ऋषिकेश पटेल, कनु देसाई और कुवरजी बावलिया ने इस्तीफा स्वीकार नहीं होने के कारण शपथ नहीं ली, क्योंकि इनके मंत्रालयों में कोई फेरबदल नहीं हुआ। इस तरह से इन चार और हर्ष संघवी, प्रफुल्ल पानसेरिया सहित कुल छह मंत्री पुराने मंत्रिमंडल से शामिलकिए गए हैं।

नए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित कुल 26 मंत्रियों को शामिल किया गया है। नए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 7 पाटीदार, 8 ओबीसी, 3 एससी और 4 एसटी वर्ग के मंत्री हैं, जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं।

नए मंत्रिमंडल की सूची में सबसे बड़ा बदलाव यह रहा कि करीब 10 पुराने मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। आगामी चुनाव और संगठनात्मक रणनीति के तहत इन वरिष्ठ नेताओं को स्थान नहीं दिया गया है, जिनमें बलवंतसिंह राजपूत, राघवजी पटेल, बचुभाई खाबड, मूलु बेरा, कुबेर डिंडोर, मुकेश पटेल, भीखुसिंह परमार, कुवरजी हळपती, जगदीश विश्वकर्मा और भानुबेन बाबरिया शामिल हैं। हालांकि जगदीश विश्वकर्मा को पहले ही प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी में बरेका मंडप ने बिखेरी तकनीकी नवाचार की आभा

## तकनीकी नवाचारों की अलौकिक झलक देख अभिभूत हुए रेलव बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)।एशिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई–2025) का 16वां संस्करण शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 15 से 17 अक्टूबर तक चले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के तकनीकी कौशल और स्वदेशी नवाचारों ने सभी का ध्यान खींचा। प्रदर्शनी में बरेका मंडप ने लोकोमोटिव के क्षेत्र में अपने नवीनतम और हरित समाधानों का शानदार प्रदर्शन किया।



**अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने बरेका मंडप का किया अवलोकन :** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार ने बरेका मंडप का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया। उन्होंने बरेका द्वारा डिज़ाइन की गई ‘अमृत भारत’ और ऐरोडायनेमिक लोकोमोटिव को भारतीय रेलवे की तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताते हुए इसकी सराहना की। सतीश कुमार ने कहा कि श्रीलंका, बांग्लादेश और मोज़ाम्बिक सहित 11 देशों को निर्यात किए गए इंजन बरेका की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा और भारत की वैश्विक तकनीकी विश्वसनीयता का प्रमाण हैं।

**डिजिटल प्रदर्शन और इंटरएक्टिव मॉडल ने आकर्षित किया आगंतुक :** बरेका मंडप में रनिंग एवं स्टेटिक लोको मॉडल के साथ डिजिटल डिस्प्ले द्वारा प्रस्तुत लघु फिल्में आगंतुकों को अत्यधिक प्रभावित करने वाली रहीं। इस प्रस्तुति ने बरेका की रेलवे परियोजनाओं और तकनीकी नवाचारों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया। आगंतुक बरेका के इन अभिनव समाधानों को देखकर अभिभूत रहे और भारतीय रेल की प्रगति की झलक देखी।

**बरेका टीम को मिली सराहना और पुरस्कार :** बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने आईआरईई–2025 में मंडप की सफलता में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। मुख्य इंजीनियर एम.के. गुप्ता, गुणवत्ता आश्वासन प्रमुख एस.बी. पटेल, अभिकल्प इंजीनियर प्रवीण कुमार व अनुराग कुमार गुप्ता सहित समर्पित टीम ने मंडप की अवधारणा से लेकर प्रस्तुति तक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन ने बरेका की तकनीकी श्रेष्ठता और नवाचार क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से प्रदर्शित किया।

# 2026 बंगाल विधानसभा चुनाव

## केंद्रीय और राज्य बलों की जिम्मेदारियां तय करेगा चुनाव आयोग

**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल में आगामी 2026 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चुनाव आयोग ने सुरक्षा व्यवस्था को समय से पहले सक्रिय कर दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने अब तक 22 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों को पत्र भेजकर 30 अक्टूबर तक चुनावी प्रक्रिया में नोडल अधिकारी के रूप में तैनात किए जाने वाले अधिकारियों के नाम मांगे हैं। जैसे ही नाम प्राप्त होंगे, सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल अगले माह इन नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें प्रत्येक एजेंसी की भूमिका और जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। आमतौर पर यह प्रक्रिया चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के बाद शुरू होती है, लेकिन बंगाल चुनाव की संवेदनशीलता को देखते हुए आयोग ने इसे पहले ही शुरू कर दिया है। विशेष रूप से राज्य के अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सटे संवेदनशील इलाकों में चुनाव पूर्व सुरक्षा को लेकर आयोग सतर्क है। चुनाव आयोग इस बार प्रचार



अभियानों के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के खर्च पर कड़ी निगरानी रखेगा। नकदी और शराब जैसी वस्तुओं के वितरण के जरिए मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिशों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राजनीतिक गतिविधियां पहले से ही गर्म हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। एसआईआर की अधिसूचना किसी भी समय जारी हो सकती है। इस महीने की शुरुआत में चुनाव आयोग की केंद्रीय टीम ने बंगाल का दौरा कर एसआईआर तैयारियों की समीक्षा की थी और बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) एवं मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) की नियुक्ति में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने के स्पष्ट निर्देश दिए थे।

# दीपावली से पहले बांकुड़ा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**बांकुड़ा,** (हि.स.)।काली पूजा और दीपावली के पूर्व बांकुड़ा जिला पुलिस द्वारा अवैध पटाखों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। गुरुवार शाम गाजलघाटी तथा पात्रसायर थाना क्षेत्रों के अंतर्गत विभिन्न स्थलों पर पुलिस की टीमों ने विशेष छापेमारी की। अभियान के दौरान अनेक दुकानों एवं गोदामों से बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पटाखे



जब्त किए गए, जिनमें बिग बॉस चॉकलेट, ब्लैक कैट, टू साउंड क्रैकर, किंग कोबरा, सुप्रीम मल्टी कलर शॉट्स तथा पांडा बिजली क्रैकर प्रमुख हैं। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य आगामी पर्वों के दौरान सुरक्षित तथा प्रदूषणमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना है। जब्त सामग्री के संबंध में कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे ऐसे प्रतिबंधित पटाखों की खरीद-फरोख्त अथवा भंडारण से परहेज़ करें, तथा किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम थाने में दें।

# डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत : संज्ञान

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। उच्चतम न्यायालय ने डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाओं पर स्वतः संज्ञान लिया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि जालसाजी कर लोगों को गिरफ्तार दिखाना और उनसे वसूली करना न्यायिक विश्वास को ठेस पहुंचाता है। कोर्ट ने केंद्र सरकार और सीबीआई से जवाब मांगा है।



मामला अंबाला के बुजुर्ग दंपति से जुड़ा है, जिन्हें 3 से 16 सितंबर के बीच फर्जी आदेश दिखाकर एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया। कोर्ट ने कहा कि न्यायिक दस्तावेजों की जालसाजी और वरिष्ठ नागरिकों से जबरन वसूली रोकने के लिए केंद्र और राज्य पुलिस का समन्वय आवश्यक है।

# गुजरात में मंत्रिमंडल का शपथग्रहण समारोह शुरू, अब तक कई ने ली मंत्री पद की शपथ



**गांधीनगर,** (हि.स.)। गुजरात के गांधीनगर स्थित राजभवन में शुक्रवार को सुबह गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी से भेंट की और उनसे मंत्रिमंडल विस्तार की अनुमति मांगी। इसके बाद मंडिमंडल विस्तार कार्यक्रम शुरू हो गया, जो अभी जारी है।मुख्यमंत्री ने आज राज्यपाल को गुजरात मंत्रिपरिषद की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने राज्यपाल से मंत्रिपरिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने की अनुमति मांगी। इसके बाद से मंत्रिमंडल विस्तार कार्यक्रम शुरू हुआ। अभी तक कई मंत्रियों ने शपथ ले ली है।इसका विस्तृत ब्यौरा मिलने के बाद संपूर्ण खबर दी जाएगी।

# छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में आत्मसमर्पण कार्यक्रम के मंच पर पंहुचे आत्मसमर्पित नक्सली, संविधान की प्रति दी गई

**जगदलपुर,** (हि.स.)। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष आज शुक्रवार थोड़ी देर में लगभग 200 से अधिक नक्सली आधिकारिक रूप से आत्मसमर्पण करेंगे। इन सभी नक्लियों को संविधान की प्रति दी गई है। आत्मसमर्पण कार्यक्रम जगदलपुर के पुलिस लाइन परिसर में आयोजित किया गया है, जहां तीन बसों में नक्सलियों को लाया गया है। इनमें महिला नक्सलियों की संख्या ज्यादा है। वहीं सेंट्रल कमेटी मेंबर रूपेश को कार से कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। इन नक्सलियों में आज बस्तर



में आत्मसमर्पण करने वाले 140 और कांकेर में पहले आत्मसमर्पण कर चुके लगभग 60 नक्सली शामिल हैं। गौरतलब है कि गुरुवार बस्तर में नक्सली संगठन के प्रवक्ता और सेंट्रल कमेटी मेंबर (सीसीएम) सतीश उर्फ टी. वासुदेव राव उर्फ रूपेश ने भी आत्मसमर्पण किया था। रूपेश माड़ डिवीजन में सक्रिय था और उस पर 1 करोड़ का इनाम था। बाकी नक्सलियों पर 5 लाख से 25 लाख तक का इनाम घोषित था । नक्सली एके-47, इंसास, एसएलआर और . 303 राइफल जैसे लगभग 93 हथियारों के साथ इंद्रावती नदी के उसपरी घाट पर पहुंचे थे, जहां से उन्हें बीजापुर से जगदलपुर बस के माध्यम से लाया गया है।

# असम के तिनसुकिया में सैन्य शिविर पर गोलीबारी और ग्रेनेड से हमला, प्रतिबंधित संगठन पर शक`

**तिनसुकिया,** (हि.स.)। असम के तिनसुकिया जिले के काकोपाथार क्षेत्र में गुरुवार देर रात हुए एक भीषण हमले ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। अज्ञात हमलावरों ने सैन्य शिविर पर ग्रेनेड फेंकने के साथ अंधाधुंध गोलीबारी की। सूत्रों के अनुसार, हमला रात करीब 12:30 बजे हुआ, जब सेना के शिविर पर तीन अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (यूजीजीएल) दागे गए। इसके तुरंत बाद करीब आधे घंटे तक लगातार फायरिंग की आवाजें गूंजती रहीं। तेज धमाकों और गोलियों की आवाज़ से आसपास के ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलावर एक ट्रक में आए थे और हमला कर फरार हो गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस हमले में तीन जवान घायल हुए हैं। हालांकि शिविर को हुए नुकसान की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया और काकोपथार व आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। फिलहाल आम नागरिकों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। प्रारंभिक जांच में इस हमले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन उल्फा (इंडिपेंडेंट) की भूमिका की आशंका जताई गई है। यह हमला पिछले कुछ महीनों में ऊपरी असम में हुआ सबसे बड़ा उग्रवादी हमला माना जा रहा है।



# नेपाल के संसदीय चुनावों को सफल बनाने के लिए राष्ट्रपति ने युवाओं से किया आह्वान


**काठमांडू,** (हि.स.) नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने देश के युवाओं से अगले साल 5 मार्च को होने वाले संसदीय चुनावों को सफल बनाकर इतिहास रचने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री सुशीला कार्की और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ चर्चा में उन्होंने कहा कि चुनावों को एक अवसर के रूप में लिया जाना चाहिए।

राष्ट्रपति पौडेल ने आग्रह किया कि केवल चुनाव की घोषणा हो जाने के कारण इसे हल्के में न लिया जाए। उन्होंने कहा कि देश को नए चुनावों के माध्यम से जनादेश के साथ आगे बढ़ना चाहिए, ताकि एक ऐसे देश का निर्माण किया जा सके, जो युवा आंदोलन की आकांक्षाओं को पूरा कर सके। राष्ट्रपति पौडेल ने कहा कि नए चुनावों की घोषणा इसलिए की गई है, ताकि युवा पीढ़ी सही मायने में देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और पक्षपातपूर्ण व्यवहार से मुक्त देख सके और सही लोग देश चला सकें। उन्होंने युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि वे इस चुनाव को गंभीरता से लें और इसे देश का चेहरा बदलने के लिए एक बड़े अभियान के रूप में प्रतिष्ठा का विषय बनाएं।

राष्ट्रपति पौडेल के प्रेस सलाहकार किरण पोखरेल ने बताया कि उन्होंने युवाओं से चुनावों में आगे आकर एक अच्छी प्रतिनिधि सभा बनाने का आग्रह किया है। प्रेस सलाहकार पोखरेल ने राष्ट्रपति पौडेल के हवाले से कहा कि राष्ट्रपति ने देश को न्याय के पथ पर, सुशासन के पथ पर आगे बढ़ना होगा और देश को प्रगति करनी होगी। युवाओं को विदेश पलायन के लिए मजबूर करने की स्थिति समाप्त होनी चाहिए। राष्ट्रपति पौडेल ने लोगों से उन लोगों से सावधान रहने का भी आग्रह किया, जो अपनी अवैध मांगों के बल पर युवाओं के आंदोलन का शोषण करना चाहते हैं तथा अपने हितों की पूर्ति करना चाहते हैं।


युवाओं के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया है कि युवा आंदोलन सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए है तथा कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह संविधान, लोकतंत्र, संघीयता या समावेशिता के खिलाफ नहीं है।

## भारतीय सेना प्रमुख से नेपाली सेना के उप प्रमुख ने की द्विपक्षीय वार्ता, स्थायी संबंधों पर जोर



**काठमांडू,** (हि.स.)। नई दिल्ली में 14 से 16 अक्टूबर तक हुए संयुक्त राष्ट्र मिशन में योगदान देने वाले देशों (यूएनटीसीसी) के प्रमुखों के सम्मेलन के बाद शुक्रवार को नेपाल के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रदीप जंग केसी ने भारत के सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। नेपाली सेना की तरफ से इस मुलाकात को लेकर आज एक बयान में बताया गया है कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच गहरे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पेशेवर संबंधों को और आगे ले जाने को लेकर बातचीत हुई है। नई दिल्ली स्थित सैन्य मुख्यालय में हुई इस बैठक के दौरान भारत और नेपाली सेना के बीच स्थायी संबंध पर जोर दिया गया। दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों ने रक्षा सहयोग को मजबूत करने, संयुक्त प्रशिक्षण पहल को बढ़ाने और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सहयोग को गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। बयान में कहा गया है कि यूएन पीस कीपिंग मिशन एक ऐसा क्षेत्र है, जहां दोनों देशों ने अपने योगदान के लिए वैश्विक सम्मान अर्जित किया है। जनरल द्विवेदी और लेफ्टिनेंट जनरल केसी ने नियमित संस्थागत आदान-प्रदान और रक्षा संवाद बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने दोनों पड़ोसी सेनाओं के बीच निरंतर सहयोग के माध्यम से परिचालन तालमेल और क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।

## रूसी तेल खरीदना पूरी तरह से 'वैध' है-चीन



**बीजिंग,** (हि.स.)। चीन ने अमेरिका के साथ बढ़ते व्यापार विवाद के बीच स्पष्ट किया है कि उसका रूस से तेल खरीदना पूरी तरह से "वैध" है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन और भारत को रूस से तेल खरीदना बंद करने के दबाव के बाद आया है। ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस से तेल खरीदना रोकने का वादा किया है और वह चीन से भी ऐसा करने की अपेक्षा करेंगे। ट्रंप ने चीन और भारत पर तीन साल से जारी यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने का आरोप भी लगाया।

**अमेरिका की 'एकतरफा धमकियों' की कड़ी निंदा :** चीन के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका की हालिया कार्रवाई "एकतरफा धमकाने और आर्थिक दबाव बढ़ाने" का उदाहरण है। प्रवक्ता लिन जियान ने चेतावनी दी कि अगर चीन के हितों को नुकसान पहुँचाया गया, तो वह "कड़े जवाबी कदम उठाएगा और अपनी संप्रभुता की दृढ़ता से रक्षा करेगा।" मंत्रालय ने अमेरिका द्वारा निर्यात नियंत्रण और चीनी जहाजों पर नए बंदरगाह शुल्क लगाने के कदमों की भी आलोचना की और कहा कि ये उपाय दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता पर "बेहद हानिकारक" प्रभाव डाल रहे हैं।

**चीन-रूस संबंध और युद्ध पर चीन का रुख :** चीन और रूस लंबे समय से प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं। चीन ने कभी भी यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस की निंदा नहीं की और न ही उससे अपने सैनिकों को वापस बुलाने का आग्रह किया। हालांकि पश्चिमी सरकारें और यूक्रेन लगातार चीन पर रूस को राजनीतिक और आर्थिक समर्थन देने का आरोप लगाती रही हैं। चीन ने रूस सहित अन्य देशों के साथ "सामान्य, वैध आर्थिक, व्यापारिक और ऊर्जा सहयोग" बनाए रखने की बात दोहराई है।

**अमेरिका-चीन व्यापार विवाद और शुल्क :** ट्रंप ने चीन पर 1 नवंबर से अतिरिक्त 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी है, जबकि अमेरिका ने अप्रैल में "धारा 301" के तहत चीन निर्मित जहाजों पर शुल्क लगाने की घोषणा की थी। जवाब में चीन ने अपने बंदरगाहों पर अमेरिकी जहाजों के लिए "विशेष बंदरगाह शुल्क" लागू किया। चीनी वाणिज्य मंत्री वांग वेंटाओ ने भी अमेरिका पर व्यापार विवाद भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा कि चीन-अमेरिका व्यापार संबंधों की स्थिरता बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों को मिलकर काम करना होगा।

## कतर करेगा पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच मध्यस्थता



**लाहौर,** (हि.स.)। पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच बढ़ते सीमा विवाद को सुलझाने के लिए शुक्रवार को दोहा में बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक कतर की मध्यस्थता में हो रही है। अफ़ग़ानिस्तान के रक्षा मंत्री मुल्ला मोहम्मद याकूब मुजाहिद के नेतृत्व में अफ़ग़ान प्रतिनिधिमंडल और पाकिस्तान के कई प्रमुख सुरक्षा एवं ख़ुफ़िया अधिकारी इसमें शामिल होंगे। अभी तक पाकिस्तान की ओर से इस बातचीत के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इससे पहले पाकिस्तानी मीडिया ने केवल संभावना जताई थी कि सीमा पर तनाव को कम करने के लिए दोनों देशों के बीच बातचीत हो सकती है। अफ़ग़ान मीडिया आउटलेट टोलो न्यूज़ ने सूत्रों के हवाले से दोनो पक्षों के दोहा में मिलने की खबर की पुष्टि की है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कैबिनेट बैठक में कहा कि कतर दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कर रहा है और दोनों पक्ष बातचीत के लिए तैयार हैं। कतर के विदेश राज्य मंत्री डॉ. अब्दुलअजीज अल-खुलैफी ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार को संदेश भेजकर क्षेत्रीय शांति में उसकी भूमिका की सराहना की। जवाब में डार ने कतर के समर्थन और शांति प्रयासों के लिए आभार जताया। ज्ञात हो कि पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान के बीच अस्थायी युद्धविराम शुक्रवार शाम 6 बजे समाप्त हो रहा है, और पिछले दिनों दोनों तरफ से भारी जान-माल का नुकसान हुआ है।

## जेलेंस्की के वॉशिंगटन पहुंचने से ठीक पहले फोन पर ट्रंप-पुतिन की लंबी बातचीत, बुडापेस्ट में दूसरी शिखर वार्ता भी तय हो गई

**वॉशिंगटन, (हि.स.)।**

**ट्रंप-पुतिन फोन वार्ता के बाद अगले दो सप्ताह में बुडापेस्ट में शिखर सम्मेलन तय हुआ।**

----------------

**जेलेंस्की ने कहा, मिसाइलों पर चर्चा से रूस फिर से वार्ता के लिए तत्पर है।**

----------------



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की आज वॉशिंगटन पहुंचे हैं। उनका मुख्य उद्देश्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लंबी दूरी की टॉमहॉक मिसाइलों की संभावित आपूर्ति पर अहम बातचीत करना है। यूक्रेन लंबे समय से इन मिसाइलों की मांग कर रहा है, ताकि प्रमुख शहर रूसी मिसाइल फायर रेंज में आने पर सुरक्षित रह सकें। ट्रंप ने मीडिया से कहा था कि यदि रूस युद्ध को समाप्त करने के लिए वार्ता की मेज पर नहीं आता, तो अमेरिका यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइलें दे सकता है। जेलेंस्की के अमेरिका पहुंचने से कुछ पहले ही ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर ढाई घंटे लंबी बातचीत की। इस वार्ता के बाद अगले दो सप्ताह में बुडापेस्ट में ट्रंप और पुतिन के बीच दूसरी शिखर वार्ता का ऐलान हुआ। मॉस्को टाइम्स के अनुसार, यह बातचीत रूस की पहल पर हुई और शिखर सम्मेलन का स्थान ट्रंप ने प्रस्तावित किया, जिसका पुतिन ने तुरंत समर्थन किया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर लिखा कि टॉमहॉक मिसाइलों की संभावना सुनते ही मास्को बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तत्पर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मध्य पूर्व में आतंकवाद और युद्ध पर अंकुश लगाने की सफलताएँ रूस के यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में मददगार साबित होंगी। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब अगस्त में अलास्का में ट्रंप-पुतिन शिखर सम्मेलन के बाद पिछले दो महीनों में यूक्रेन शांति समझौते के लिए राजनयिक प्रयास धीमे पड़े थे।

### बुलेटिन बॉक्स

» **बांग्लादेश में जनमत संग्रह विवादः जुलाई चार्टर पर राष्ट्रीय जनमत संग्रह कराने को लेकर राजनीतिक असहमति जारी, मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस जल्द हस्तक्षेप कर सकते हैं।**

----------------

» **पाकिस्तान का ट्रांसजेंडर प्रतिनिधित्वः नायाब अली को यूएनएचआरसी मानवाधिकार रक्षकों के विशेष दूत के रूप में चयन।**

----------------

» **पाक-अफगान युद्धविराम पर संदेहः पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर "प्रॉक्सी युद्ध" का आरोप लगाते हुए हाल ही के युद्धविराम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया।**

## नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में कार्रवाईर शुरू



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल में तीन पूर्व प्रधानमंत्री और दो पूर्व मंत्रियों के आय से अधिक संपत्ति के मामलों की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के घेरे में पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली, शेरबहादुर देउबा और पुष्पकमल दहल हैं। इसके अलावा, पूर्व विदेश मंत्री आरजू देउबा और पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का के खिलाफ भी देशभर से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। यह कार्रवाई सितंबर 8 और 9 को हुए जेन जी आंदोलन के दौरान पूर्व प्रधानमंत्रियों और मंत्रियों के घरों से करोड़ों रुपए नकद मिलने और करोड़ों रुपए जलाए जाने की घटनाओं के बाद की गई है। नेपाल के संपत्ति शुद्धिकरण विभाग ने सभी बैंकों, नेपाल स्टॉक एक्सचेंज, उद्योग विभाग और कंपनी रजिस्ट्रार को पत्र भेजकर इन नेताओं और उनके परिवार या रिश्तेदारों के नाम पर मौजूद किसी भी संपत्ति, बैंक खाते, फिक्स्ड डिपोजिट, शेयर या कंपनियों का विवरण एक महीने के भीतर जमा करने का आदेश दिया है। गृहमंत्री ओमप्रकाश आर्याल ने बताया कि यह पत्र देश के 76 जिलों में भेजा गया है और तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों के तीन पुश्तों की संपत्ति का ब्यौरा मांगा गया है। उन्होंने कहा कि अन्य मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों को भी जांच में शामिल किया जाएगा। आर्याल ने यह भी कहा कि पूर्व मंत्री आरजू राणा देउबा, उनके परिवार और पूर्व ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का तथा उनके परिवार के खिलाफ भी जांच शुरू कर दी गई है। इस कदम से नेपाल में उच्च पदाधिकारियों की संपत्ति जांच में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार रोकने के प्रयासों को बल मिलेगा।

## जापान में अगले प्रधानमंत्री के चयन के लिए 21 अक्टूबर को संसदीय मतदान



**टोक्यो,** (हि.स.)। जापान में अगले प्रधानमंत्री के चयन के लिए 21 अक्टूबर को संसदीय मतदान कराए जांएगे। देश के निचले सदन की समय-निर्धारण समिति के बोर्ड में शामिल एक वरिष्ठ सदस्य ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने अपने नए नेता साने ताकाइची के नेतृत्व में इस तिथि का प्रस्ताव रखा, लेकिन विपक्षी दलों ने गठबंधन वार्ताओं का हवाला देते हुए इस तिथि पर आपत्ति जताई। इस बीच एलडीपी ने बहुमत हासिल करने और गठबंधन का विस्तार करने के लिए दक्षिणपंथी विपक्षी जापान इनोवेशन पार्टी से संपर्क किया है, जिससे ताकाइची जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बन सकेंगी। इस महीने के अंत में नए प्रधानमंत्री को कई अहम कूटनीतिक कार्यक्रमों में भाग लेना है, जिनमें मलेशिया और दक्षिण कोरिया में अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलनों से लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की जापान यात्रा भी शामिल है। साने ताकाइची के जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि दरअसल तत्कालीन प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने सितंबर 2025 की शुरुआत में प्रधानमंत्री और लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के अध्यक्ष पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद पार्टी के नये नेता का चुनाव 4 अक्टूबर, को हुआ था जिसमें साने ताकाइची ने जीत हासिल की। उन्होंने शिंजिरो कोइज़ुमी को हराया। ताकाइची को 185 वोट (54.25 प्रतिशत) और कोइज़ुमी 156 वोट (45.75 प्रतिशत) मिले। इस जीत के साथ ही ताकाइची एलडीपी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बनीं। अब वह प्रधानमंत्री पद की स्वाभाविक दावेदार हैं और उनके इस पद पर निर्वाचित होने की पूरी संभावना है।



# भारत-पाकिस्तान विश्व कप मुकाबले ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, बना महिला क्रिकेट इतिहास का सबसे ज़्यादा देखा गया अंतरराष्ट्रीय मैच

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत और पाकिस्तान के बीच 5 अक्टूबर को खेले गए महिला वनडे विश्व कप मुकाबले ने दर्शक संख्या के सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, इस मैच ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 28.4 मिलियन की पहुंच और 1.87 अरब मिनट के व्यूइंग टाइम के साथ महिला क्रिकेट इतिहास का सबसे ज़्यादा देखा गया अंतरराष्ट्रीय मैच बन गया है।

आईसीसी ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि यह मुकाबला दर्शक संख्या के लिहाज़ से टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच रहा। वहीं, लीग चरण के पहले हिस्से में भी दर्शकों की संख्या में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि देखने को मिली है।

भारत-पाकिस्तान मैच टीवी पर भी विश्व कप इतिहास का सबसे ज्यादा रेटिंग वाला लीग मैच बन गया है। टूर्नामेंट के पहले 11 मैचों ने कुल 72 मिलियन दर्शकों तक पहुंच बनाई, जो पिछली बार की तुलना में 166% अधिक है। इसके साथ ही, व्यूइंग मिनट्स में 327% की वृद्धि दर्ज की गई और यह आंकड़ा 6.3 अरब मिनट तक पहुंच गया।

स्टेडियम में दर्शकों की उपस्थिति भी उत्साहजनक रही है। भारत में भारतीय टीम के मैचों और श्रीलंका में श्रीलंका के मैचों में बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। हालांकि, अन्य टीमों के मुकाबलों में दर्शक संख्या अपेक्षाकृत कम रही। कोलंबो में जब भारत या श्रीलंका नहीं खेल रहे होते हैं तो दर्शक संख्या हजारों में रही है। मौसम ने भी उपस्थिति को प्रभावित किया है।

आईसीसी और जियोहॉटस्टार के संयुक्त आंकड़ों के मुताबिक, टूर्नामेंट के पहले 13 मैचों तक 60 मिलियन से अधिक दर्शक पहुंचे, जो 2022 संस्करण की तुलना में पांच गुना अधिक है। वहीं कुल वॉच टाइम 7 अरब मिनट तक पहुंच गया, जो पिछले टूर्नामेंट से 12 गुना अधिक है।

12 अक्टूबर को भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के मुकाबले में 4.8 मिलियन पीक समकालिक दर्शक दर्ज किए गए, जो महिला क्रिकेट के इतिहास में एक और नया रिकॉर्ड है।

रिकॉर्ड एक नज़र में

भारत-पाकिस्तान मैच की पहुंचः 28.4 मिलियन

व्यूइंग टाइमः 1.87 अरब मिनटकुल पहुंच (पहले 11 मैच): 72 मिलियन

व्यूइंग टाइम (कुल): 6.3 अरब मिनट

ऑस्ट्रेलिया मैच पर पीक व्यूअरशिपः 4.8 मिलियन

यह उपलब्धि महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और दर्शकों में बढ़ते रोमांच को दर्शाती है।

# गेविन लार्सन दोबारा बने न्यूजीलैंड के चयन प्रबंधक



**वेलिंगटन,** (हि.स.)। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज गेविन लार्सन एक बार फिर टीम के चयन प्रबंधक के रूप में लौट आए हैं। उन्होंने सैम वेल्स की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। लार्सन इससे पहले 2015 से 2023 तक इसी भूमिका में रह चुके हैं, जिसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के क्लब वॉरविकशायर में परफॉर्मेंस डायरेक्टर के रूपमें काम किया था।

61 वर्षीय लार्सन हाल ही में बास्केटबॉल टीम नेल्सन जायंट्स से जुड़े हुए थे। अब वे न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर के साथ मिलकर न्यूजीलैंड, न्यूजीलैंड ए और न्यूजीलैंड XI के सभी दौरों के लिए टीम चयन की जिम्मेदारी संभालेंगे।

अपनी नियुक्ति पर लार्सन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "ब्लैककैप्स और राष्ट्रीय हाई परफॉर्मेंस माहौल में दोबारा वापसी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं न्यूजीलैंड क्रिकेट को लेकर बेहद जुनूनी हूं और एक बार फिर सर्वोच्च स्तर पर योगदान देने का मौका मिलना बेहद रोमांचक है। मैं इस गर्मी से काम शुरू करने को लेकर उत्साहित हूं और टीम की सफलता में अपना योगदान देना चाहता हूं।"

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य हाई परफॉर्मेंस अधिकारी डैरिल गिब्सन ने कहा कि लार्सन का अनुभव और आधुनिक खेल की समझ उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त बनाती है।

उन्होंने कहा, "गेविन की इस भूमिका को लेकर परिचितता और जिम्मेदारियों की गहरी समझ ने उनके चयन में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा, उनके जुनून, ऊर्जा और दोबारा योगदान देने की इच्छा ने हमें प्रभावित किया।"

गौरतलब है कि चयन मॉडल में कोई बदलाव नहीं किया गया है। टीम चयन पर अंतिम निर्णय मुख्य कोच रॉब वॉल्टर का ही रहेगा, जबकि लार्सन उनके साथ मिलकर काम करेंगे। लार्सन 3 नवंबर से आधिकारिक तौर पर अपना कार्यभार संभालेंगे।

# नाओमी ओसाका ने चोट के कारण जापान ओपन क्वार्टर फाइनल से नाम वापस लिया




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। जापान की टेनिस स्टार नाओमी ओसाका ने बाएं पैर में चोट के कारण शुक्रवार को जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया। डब्ल्यूटीए टूर की ओर से जारी बयान के अनुसार, ओसाका के हटने से जैकलीन क्रिस्टियन वॉकओवर के आधार पर सेमीफाइनल में पहुंच गईं। आयोजकों के मुताबिक, शीर्ष वरीयता प्राप्त ओसाका दूसरे दौर में लगी चोट से उबर नहीं पाई थीं। यह इस वर्ष क्रिस्टियन का तीसरा सेमीफाइनल है और क्ले कोर्ट के अलावा किसी अन्य सतह पर उनका पहला सेमीफाइनल होगा। चोट लगने से पहले ओसाका ने वाकाना सोनोबे और 2024 की चैंपियन सुजान लामेंस को हराया था। लामेंस के खिलाफ मैच में ओसाका ने पहले दो सेट बराबर करने के बाद तीसरे सेट में 5-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसी दौरान उनके बाएं पैर में चोट लग गई। मेडिकल टाइमआउट के बाद उन्होंने संघर्ष करते हुए मैच समाप्त किया और जीत दर्ज की। ओसाका हाल ही में चाइना ओपन और वुहान ओपन के दूसरे दौर में हार चुकी थीं। शुक्रवार को खेले गए एक अन्य क्वार्टर फाइनल में 2021 यूएस ओपन की फाइनलिस्ट लेयला फर्नांडीज ने रेबेका स्रामकोवा को 7-6 (2), 6-3 से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# भारत दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका 'ए' टीम घोषित, बावुमा की दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में होगी वापसी



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। क्रकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने गुरुवार को भारत दौरे के लिए अपनी 'ए' टीम की घोषणा कर दी। दौरे की शुरुआत 30 अक्टूबर से बेंगलुरु में दो चार दिवसीय अनऑफिशियल टेस्ट मैचों से होगी। दूसरा चार दिवसीय मैच 6 से 9 नवंबर तक खेला जाएगा। दोनों मुकाबले बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित किए जाएंगे।इसके बाद दोनों टीमें 13 से 19 नवंबर तक राजकोट में तीन मैचों की वनडे सीरीज़ खेलेंगी। यह दौरा साउथ अफ्रीका की सीनियर टीम के भारत दौरे से पहले का अभ्यास दौरा होगा। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट और डब्ल्यूटीसी विजेता कप्तान टेम्बा बावुमा चोट से उबरकर दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में वापसी करेंगे।वहीं, भारत 'ए' टीम की घोषणा अभी नहीं की गई है। दक्षिण अफ्रीका 'ए' टीम का पूरा स्क्वॉड

अनऑफिशियल टेस्ट के लिए स्क्वॉडः

मार्क्वेस एकरमैन, टेम्बा बावुमा*, ओकुहले सेले, जुबायर हम्जा, जॉर्डन हरमैन, रुबिन हरमैन,

राइवल्डो मूनसामी, त्शेपो मोरेकी, मिहलाली म्पोंगवाना, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायन, काइल सिमंड्स, त्शेपो न्दवांडवा, जेसन स्मिथ, तियान वान वुरेन, कोडी यूसुफ।वनडे सीरीज़ के लिए स्क्वॉडः मार्क्वेस एकरमैन, ओटनाइल बार्टमैन, ब्योर्न फॉरच्यून, जॉर्डन हरमैन, रुबिन हरमैन, क्वेना माफाका, राइवल्डो मूनसामी, त्शेपो मोरेकी, मिहलाली म्पोंगवाना, नकाबा पीटर, डेलानो पोटगीटर, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस,

सिनेथेम्बा क्वीशिले, जेसन स्मिथ, कोडी यूसुफ।

# फिट इंडिया 31 अक्टूबर से शुरू करेगा देशव्यापी 'कश्मीर से कन्याकुमारी' और 'पैडल टू प्लांट' साइकिलिंग अभियान

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर से 'फिट इंडिया' मिशन के तहत दो देशव्यापी साइकिलिंग अभियानों का आयोजन करेगा। "आयरन व्हील्स ऑफ यूनिटी" नामक ये अभियान देश की एकता, फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे।

पहला अभियान 'कश्मीर टू कन्याकुमारी' श्रीनगर से शुरू होकर पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक होते हुए 16 नवंबर को कन्याकुमारी में समाप्त होगा। 150 साइकिल सवारों की यह 4480



किलोमीटर लंबी यात्रा सरदार पटेल को समर्पित होगी, जिसका नेतृत्व पर्वतारोही निशा कुमारी करेंगी।

दूसरा अभियान "पैडल टू प्लांट" अरुणाचल प्रदेश के पांगसाउ से शुरू होकर 4000 किलोमीटर की यात्रा के दौरान एक लाख पौधे लगाने और जलवायु परिवर्तन पर जन-जागरूकता फैलाने का लक्ष्य रखेगा।

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "फिट इंडिया" और "ग्रीन इंडिया" के संकल्प को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने नागरिकों से रोजाना 30 मिनट साइकिलिंग करने की अपील की।

मंत्रालय के अनुसार, 'आयरन व्हील्स ऑफ यूनिटी' अभियान से लगभग 1 लाख किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।फ।